चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 102, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 10 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## यूपी में टैक्स फ्री होगी 'द केरल स्टोरी'



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में फिल्म 'द केरल स्टोरी' को टेक्स फ्री किया जाएगा। प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अपने पूरे मंत्रीमंडल के साथ स्पेशल स्क्रीनिंग में यह फिल्म देख सकते हैं। इससे पहले मध्य प्रदेश में फिल्म को टैक्स फ्री करने की बात कही गई है। वहीं पश्चिमी बंगाल में फिल्म को बैन कर दिया गया है। ये खबरें सुर्खियों में हैं। फिल्म 'द केरल स्टोरी' का टेलर जबसे रिलीज किया गया है, तब से देश की राजनीति में भू-चाल सा आ गया है। कर्नाटक में होने वाले चुनावों पर इसका असर दिखाई पड़ रहा है। पक्ष और विपक्ष पर जमकर एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं।

# खरगोनः यात्रियों से भरी बस 50 फीट ऊंचे पुल से गिरी

## 24 की मौत, पीएम-सीएम ने जताया दुख

**खरगोनः** खरगोन जिले में बड़ा हादसा हुआ है। बोराड़ नदी पर बने पुल से एक यात्री बस 50 फीट नीचे गिर गई। हादसे में कुल 24 लोगों की मौत हो गई है, बताया जा रहा है कि 15 लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था। जिला प्रशासन ने मौत की पुष्टि कर दी है। 20-25 लोग घायल हैं।हादसे में ड्राइवर, कंडक्टर और क्लीनर की भी मौत होने की सूचना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने खरगोन में हुई बस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। हादसे में नौ महिलाएं, तीन बच्चे और नौ पुरुषों समेत कुल 24 लोगों की मौत हुई है। सभी मृतक खरगोन के बताए जा रहे हैं। 10 घायलों को इंदौर रेफर किया गया है। 22 घायलों का खरगोन जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। बस श्रीखण्डी से इंदौर जा रही थी। हादसा सुबह नौ बजे हुआ। मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि बेहद दुखद घटना है। घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। घटनास्थल पर अधिकारी तत्काल पहुंच गए हैं। घायलों को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल



पहुंचाया गया है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। खरगोन में कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने कहा कि हादसे में 15 लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी। एक यात्री की मौत अस्पताल में हुई है। राज्य सरकार ने आर्थिक सहायता की घोषणा कर दी है। बस ओवरलोड थी या नहीं, इसकी जांच की जा रही है।

**45 से ज्यादा यात्री सवार थेः** बस क्रमांक एमपी 10-पी-7755 मां शारदा ट्रैवल्स की बताई जा रही है, जो खरगोन जिले से इंदौर जा रही थी। यह हादसा खरगोन-ठीकरी मार्ग पर हुआ।

बस नदी पर बने पुल से गुजर रही थी, जब वह एकाएक नीचे गिर गई। जोर से आवाज आई और अफरा-तफरी मच गई। बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। हादसा दसंगा गांव के करीब हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

## सोनिया को नहीं वसुंधरा को अपना नेता मानते हैं गहलोतः पायलट

# राजस्थान कांग्रेस में फिर बढ़ा घमासान!

**जयपुरः** राजस्थान में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन उससे पहले ही कांग्रेस में फूट पड़ती दिखाई दे रही है। राहुल गांधी के उदयपुर दौरे के बीच कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य के सीएम अशोक गहलोत पर बड़ा आरोप लगाया है। सचिन पायलट ने कहा कि सीएम अशोक गहलोत के भाषण को सुनने के बाद यह लगता है कि सोनिया गांधी उनकी नेता ही नहीं हैं, बल्कि उनकी नेता वसुंधरा राजे सिंधिया हैं।

**'सोनिया को नहीं बल्कि वसुंधरा को अपना नेता मानते हैं गहलोत'ः** दरअसल, कांग्रेस विधायक सचिन पायलट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दावों को लेकर उन पर हमला बोला। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सचिन पायलट ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का धौलपुर का भाषण सुना, उसे सुनकर ऐसा



लगता है कि उनकी नेता सोनिया गांधी नहीं, बल्कि वसुंधरा राजे हैं। एक तरफ यह कहा जा रहा है कि हमारी सरकार को गिराने का काम भाजपा कर रही थी, दूसरी तरफ कहा जाता है कि हमें बचाने का काम वसुंधरा राजे कर रही थी। आप कहना क्या चाहते हैं, आपको स्पष्ट करना चाहिए।

**जनता से बड़ा नहीं होता कोई नेताः** सचिन पायलट ने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोग कांग्रेस पार्टी को कमजोर करना चाहते हैं, हम उन्हें सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा- धौलपुर में अशोक गहलोत का भाषण सुनकर मुझे समझ में आया कि हम पिछले साढ़े चार साल में भ्रष्टाचार के मामलों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर पाए। जनता से बड़ा कोई नेता नहीं होता है।

### सचिन पायलट निकालेंगे जन संघर्ष यात्रा

**कांग्रेस** नेता सचिन पायलट ने कहा- मैं 11 मई को अजमेर से एक जन संघर्ष यात्रा निकालूंगा और हम जयपुर की तरफ आएंगे। यह 125 किमी की यात्रा होगी। सही निर्णय तब लिए जाएंगे, जब जनता का पूरा साथ होगा। उन्होंने आगे कहा कि मैं अब समझ गया हूं कि सीएम अशोक गहलोत ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की।

**मुझे गद्दार तक कहा गयाः** इस दौरान कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा- मुझे बहुत कुछ कहा गया कोरोना, गद्दार आदि। मैं ढाई साल से यह सब सुन रहा था, लेकिन हम चुप थे क्योंकि हम अपनी पार्टी को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते थे। अपने ही विधायकों और नेताओं को बदनाम करना और भाजपा का गुणगान करना मेरे समझ से परे है। बता दें कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी राजस्थान दौरे पर हैं।

# आज गंगा में सीवर नहीं गिरताः योगी

### पहले हम हर शहर में कूड़े के ढेर का सामना करना पड़ता था

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कानपुर की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कानपुर की जनता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानपुर की पहचान टेकस्टाइल्स हब के रूप में देश के सबसे बड़े औद्योगिक शहरों में होती रहती थी। पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण कानपुर की हालत बिगड़ती गई। पहले हम हर शहर में कूड़े के ढेर का सामना करना पड़ता था। कानपुर के सिसामऊ में गंगा में



गंदा पानी गिरता था। मार्च 2017 में हमारे आने के बाद आज मां गंगा में कोई सीवर नहीं गिरता। सीसामऊ अब सेल्फी पॉइंट बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश ने सपा, कांग्रेस और बसपा की सरकारों ने देश प्रदेश का दोहन किया। पिछली सरकारों ने कुछ काम नहीं किया। पिछले छह वर्षों पर प्रदेश के नगरीय जीवन में व्यापक बदलाव हुआ है।

अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बन रहे नये भारत का अब यह नया उत्तर प्रदेश है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निकाय चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कानपुर के साथ ही बांदा और चित्रकूट में भी चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

# मप्र में डिफाल्टर किसानों का बकाया ब्याज होगा माफ

### कैबिनेट बैठक में लिया गया निर्णयः समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की अवधि 20 मई तक बढ़ी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेशवासियों के हित में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में किसानों के हित में दो बड़े फैसले लिए गए। मंत्रि-परिषद ने डिफाल्टर किसानों का ब्याज माफ करने की योजना को मंजूरी दी। इस योजना में 11.19 लाख डिफॉल्टर किसानों के ऊपर बकाया ब्याज की राशि 2123 करोड़ रुपये माफ की जाएगी। इसके साथ ही समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की अवधि 10 मई से बढ़ाकर 20 मई कर दी गई है। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश कैबिनेट ने प्रदेश के जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों से संबंद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के दो लाख रुपये तक के 11.19 लाख डिफॉल्टर किसानों के ऊपर बकाया ब्याज की राशि 2123 करोड़ रुपये माफ करने के लिए ब्याज माफी योजना को मंजूरी देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 25 मई को भोपाल में किसानों का महासम्मेलन होगा। योजना के लिए आवेदन



पत्र 13 मई से लेना प्रारंभ किए जाएंगे। वहीं, 12 मई को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के कार्यालयों में डिफाल्टर किसानों की सूची चस्पा की जाएगी। दावे-आपत्ति का परीक्षण 16 से 18 मई के बीच किया जाएगा और 22 मई को जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों को ब्याज की राशि अंतरित कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जो किसान इस अवधि में आवेदन नहीं कर पाएंगे, वे 30 नवंबर 2023 तक योजना के लिए पात्र रहेंगे और आवेदन कर सकेंगे। ब्याज माफी के बाद किसानों को सहकारी समितियों द्वारा डिफाल्टर मुक्त होने का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। एक जून से पात्र किसानों को सहकारी समितियों पर खाद-बीज मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

# श्रद्धा हत्याकांडः आफताब के खिलाफ हत्या का आरोप तय



**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत कोर्ट ने बहुचर्चित श्रद्धा हत्याकांड के आरोपित आफताब के खिलाफ हत्या का आरोप तय कर दिया है। एडिशनल सेशंस जज मनीषा खुराना कक्कड़ ने आफताब पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201( सबूतों को नष्ट करने) के तहत आरोप तय किये। सुनवाई के दौरान आफताब ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार कर दिया और ट्रायल का सामना करने की बात कही। आरोप तय करने के मामले पर 15 अप्रैल को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। 31 मार्च को आफताब की ओर से कहा गया था कि जेल में आफताब के साथ दूसरे कैदियों ने मारपीट की है। उसके बाद कोर्ट ने जेल प्रशासन को आफताब की पेशी के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने का निर्देश दिया था। 25 मार्च को आफताब ने अपना वकील दोबारा बदल लिया था। आफताब ने विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मिले वकील को बदलते हुए वकील अक्षय भंडारी को अपना वकील नियुक्त किया था। दिल्ली पुलिस ने 20 मार्च को साकेत कोर्ट को बताया था कि आफताब ने सोच-समझकर घटना को अंजाम दिया है। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि परिस्थिति जन्य साक्ष्य से पता चलता है कि श्रद्धा और आफताब का लिव-इन रिलेशन हिंसक था।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा 'द केरल स्टोरी' का विवाद

**नई दिल्ली।** इन दिनों चर्चा का विषय बनी फिल्म 'द केरल स्टोरी' का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फिल्म पर रोक की मांग को लेकर दायर याचिका पर वह 15 मई को सुनवाई करेगी। इस बाबत वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने केरल हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की। इस पर कोर्ट ने 15 मई को सुनवाई का आदेश दिया। इससे पहले केरल हाई कोर्ट ने फिल्म पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। वहीं तीन मई को सुप्रीम कोर्ट नें 'द केरल स्टोरी' फिल्म की रिलीज पर रोक की मांग करने वाली जमीयत उलेमा हिंद की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। याचिका में कहा गया है कि यह फिल्म पूरे मुस्लिम समुदाय विशेष रूप से मुस्लिम युवाओं को बदनाम करती है। साथ ही उनके जीवन और आजीविका को खतरे में डालने वाली है। याचिका में कहा गया है कि यह समानता और जीने के अधिकार के तहत सीधा उल्लंघन है।

# दक्षिण चीन सागर में गुजरे चीनी जहाजों को भारत ने अपनी निगहबानी में रखा

**नई दिल्ली।** भारत आसियान समुद्री अभ्यास के दौरान दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना की नजर चीनी जहाजों पर रही। भारत के विध्वंसक युद्धपोत आईएनएस दिल्ली और स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस सतपुड़ा ने लगभग 100 समुद्री मील (185 किमी.) दूर तक चीनी जहाजों को अपनी निगहबानी में रखा। यह दोनों जहाज समुद्री अभ्यास में हिस्सा लेने सिंगापुर के चांगी नेवल बेस गए थे। इस अभ्यास का दो दिवसीय समुद्री चरण दक्षिण चीन सागर में 8 मई को पूरा हुआ है। सिंगापुर के चांगी नेवल बेस में 02 मई से



आसियान देशों का पहला समुद्री अभ्यास शुरू हुआ था, जिसका उद्घाटन भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार और सिंगापुर नौसेना प्रमुख एडमिरल सीन वाट ने संयुक्त रूप से किया था। भारत के युद्धपोत आईएनएस दिल्ली और आईएनएस सतपुड़ा समुद्री अभ्यास में भाग लेने के लिए सिंगापुर गए थे। अभ्यास का बंदरगाह चरण 2-4 मई तक चांगी नौसेना बेस में और समुद्री चरण दक्षिण चीन सागर में 7-8 मई तक हुआ। ड्रिल में नौ जहाज, छह विमान और आसियान देशों और भारत के 1,800 से अधिक कर्मचारी शामिल थे। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि चीनी निगरानी पोत जियांग यांग होंग 10 और चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पीएलएएन) के कम से कम आठ समुद्री मिलिशिया जहाज उस क्षेत्र की ओर रवाना हुए, जहां आसियान-भारत नौसैनिक अभ्यास का समुद्री चरण सोमवार को समाप्त हुआ है।

### ोपेश्वर गौशाला में गौ अर्क के कार्य में प्रशिक्षित गौसेवकों का एक बड़ा समूह प्रतिदिन कार्य कर रहा है

# लखनऊ की गौशालाओं से बाजार तक पहुंचा गौमूत्र से बना गौ अर्क

**लखनऊ।** लखनऊ की प्रसिद्ध गोपेश्वर गौशाला और लक्ष्मण गौशाला में गौमूत्र से गौ अर्क बनाया जा रहा है। जिसमें गोपेश्वर गौशाला में बने गौ अर्क बेहद पसंद की जा रही है। गौशालाओं में बना गौ-अर्क 450 मिली लीटर के शीशी में 60 रुपए की दर से अब बाजार तक पहुंच चुका है। राजधानी लखनऊ के इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के निकट लक्ष्मण गौशाला स्थित है। यहां पर गोबर व गौमूत्र से विभिन्न प्रकार की सामग्री बनाने के प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं। दूध से बनने वाली खाद्य सामग्री भी यहां बनायी जाती है, जिसमें दूध से बनने वाले पेड़ा यहां का बेहद मशहूर है। लक्ष्मण गौशाला की तरह ही मलिहाबाद क्षेत्र में स्थित गोपेश्वर




गौशाला में भी गोबर और गौमूत्र आधारित वस्तुओं के निर्माण किया जाता है। जिसमें गाय के गौमूत्र से बनने वाले गौ अर्क के निर्माण कार्य में तेजी आयी है। गोपेश्वर गौशाला में बनने वाले गौ अर्क को बेहद पसंद किया जा रहा है। लक्ष्मण गौशाला के सामने गौ उत्पाद की दुकान पर गोपेश्वर गौशाला में बने गौ अर्क की शीशी उपलब्ध है। इस गौशाला के विक्रय केन्द्र पर कार्यरत शुभकरण ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि माह में औसतन 50 से 60 शीशी गौ–अर्क की बिक जाती है। गौ अर्क से कैंसर जैसे रोग को भी रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि पेट से संबंधित तमाम बीमारियों को ठीक करने में गौ अर्क बेहद कारगर है। गौ अर्क के उपयोग करके हम मधुमेह और रक्तचाप जैसी बीमारियों से भी मुक्ति पा सकते हैं। देशी गाय के गौमूत्र से बनने वाले गौ अर्क को अभी 450 मिली लीटर के शीशी में बाजार में उतारा गया है। आने वाले वक्त में एक लीटर की शीशी में भी इसे लाने की योजना है। गोपेश्वर गौशाला में गौ अर्क के कार्य में प्रशिक्षित गौसेवकों का एक बड़ा समूह प्रतिदिन कार्य कर रहा है। समूह के गौसेवकों के अनुसार गौ अर्क के सेवन के लिए तय मानक है। इसे एक ढक्कन से दो ढक्कन तक ही लेना चाहिए। खाली पेट गौ अर्क का सेवन अति उत्तम माना जाता है, वहीं चिकित्सकीय सलाह पर भोजन पश्चात भी लेते हैं। लखनऊ के बाजार में विविध प्रकार के गौ अर्क उपलब्ध है। जिसमें स्थानीय गौशालाओं में बने गौ अर्क की बिक्री के लिए एक माहौल बनया गया है। जिसमें गौसेवा गतिविधि से जुड़े गौसेवकों की मदद भी ली जा रही है।

# अब सेना में ब्रिगेडियर और उससे ऊपर रैंक के अधिकारी पहनेंगे एक जैसी वर्दी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने देश की आजादी के 75 साल बाद ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों की वर्दी को लेकर बड़ा बदलाव किया है। अब मूल कैडर के बावजूद ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों के लिए एक समान वर्दी अपनाने का फैसला लिया गया है। यह बदलाव इस साल 1 अगस्त से लागू होंगे। भारतीय सेना के कर्नल और नीचे के रैंक के अधिकारियों की वर्दी में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वर्दी में बदलाव को लेकर यह फैसला 17-21 अप्रैल को पहली बार हाइब्रिड मॉडल में हुए सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। यह भी तय किया गया है कि फ्लैग रैंक (ब्रिगेडियर और ऊपर) के वरिष्ठ अधिकारियों के हेडगियर, शोल्डर रैंक बैज, गोरगेट पैच, बेल्ट और जूते अब मानकीकृत और सामान्य होंगे। ध्वज-रैंक के अधिकारी अब कोई डोरी नहीं पहनेंगे। भारतीय सेना में 16 रैंक होते हैं, जिन्हें तीन कैटेगरी में बांटा गया है। इसी के आधार पर उन्हें पद और वेतन दिया जाता है। भारतीय सेना में ब्रिगेडियर वन-स्टार रैंक है। ब्रिगेडियर का रैंक कर्नल के रैंक से ऊपर और मेजर जनरल के टू-स्टार रैंक से नीचे होता है। एक ब्रिगेडियर क्षेत्र में एक ब्रिगेड को कमांड करता है या एक वरिष्ठ कर्मचारी की नियुक्ति करता है। मूल रूप से इस रैंक को ब्रिगेडियर-जनरल के रूप में जाना जाता था, लेकिन 1920 के दशक से यह एक फील्ड ऑफिसर रैंक रहा है। एक ब्रिगेडियर जनरल कर्नल के ऊपर और एक प्रमुख जनरल के नीचे रैंक करता है।

## खबर संक्षेप

### अभियुक्त कब्जे से 04 अदद अवैध देशी बम बरामद

**नैनी।** पुलिस के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थानां नैनी बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा उ0नि0 उमाशंकर सिंह चौकी प्रभारी कस्बा नैनी उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार सिंह का0 संदीप कुमार थाना नैनी द्वारा मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त आदित्य उर्फ बल्लू पुत्र राकेश निवासी चकदाऊद नगर उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार कर कब्जे से 04 अदद अवैध देशी बम किये गये उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नैनी में विस्फोटक पदार्थ अधि0 पंजीकृत किया गया।

### मार पीट पर 4 के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**मऊआइमा।** पडोसी से हुए मार पीट के मामले में एक पक्ष ने सोमवार को मुकदमा दर्ज कराया था जबकि दूसरे पक्ष ने मंगलवार को चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गौरीगंज देवापुर में सोमवार को दो पक्षों के बीच बकरी को लेकर झगड़ा हो गया था। एक के मोहम्मद इस्लाम ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मंगलवार को दूसरे पक्षो की सलमा बेगम पत्नी तैय्यब ने थाने में तहरीर दी कर मोहम्मद इस्लाम, अन्नू ,अशरफ, असफाक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# निरंजन अंडर पास पुल का रास्ता मंगलवार सुबह से 100 दिन के लिए किया गया बंद

### जाम की समस्या से जूझ रहा आधा शहर, स्कूली बच्चों को हो रही ज्याद परेशानी

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** निरंजन अंडरपास पुल का रास्ता मंगलवार सुबह से बंद कर दिया गया नगर के पुराने और नए शहर को जोड़ने वाले निरंजन रेलवे अंडरपास पुल का रास्ता 100 दिन के लिए बंद कर दिया गया है इस दौरान लोग जाम की समस्या से जूझ रहे हैं खासकर स्कूली बच्चों ज्यादा परेशानी हो रही है बच्चों को प्रयागराज जंकशन के समीप स्थित रेलवे ओवरब्रिज या फिर रामबाग और बैरहना से घूम कर आना जाना पड़ रहा है। इस दौरान भीषण जाम लग रहा है जानसेनगंज निरंजन डॉट पुल पर 9 अप्रैल से बैरिकेडिंग कर काम शुरू कर दिया गया है 100 दिन तक निरंजन अंडरपास पुल का रास्ता मंगलवार सुबह से बंद कर दिया गया। इसका असर यह हुआा कि सुबह से ही चौतरफा जाम लगना शुरू हो गया हाईकोर्ट फ्लाईओवर और रामबाग पुल पर वाहनों का लोड बढ़ गया। इससे जाम की स्थिति बन गई है जानसेनगंज की ओर लगाई गई बैरिकेडिंग ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन लागू तो कर दिया लेकिन बच्चों की समस्या को ध्यान नहीं दिया गया पुराने शहर से सिविल लाइंस को जोड़ने वाले इस सबसे अहम रास्ते के बंद होने से आधा शहर पूरे 100 दिन तक जाम की समस्या से जूझता रहेगा। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों की स्कूल टाइमिंग का खास ध्यान रखना होगा।

## जलाई गई बाइक, अफवाहों का बाजार गर्म

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में एक जाली हुई बाइक मिलने के बाद से अफवाहों का बाजार गर्म हो गया है। इलाके में तरह तरह की चचाएं है। बताया जाता है कि अतीक अहमद व अशरफ की हत्या वाली रात किसी ने बीच सड़क पर लाकर बाइक जला दी थी कई दिनो तक बाइक पड़ी रही स्थानीय पुलिस ने भी ध्यान नही दिया। दो दिन पहले उसे कबाड़ी टाँग ले गया। अतीक अहमद की हत्या वाली रात झूंसी के त्रिवेनिपुरम नंदी हाउस के पीछे नशा केंद्र के पास वीराने में बीच सड़क एक बाइक जला दी गई। अतीक अहमद की हत्या वाली रात हुए इस वारदात से लोगो मे तरह तरह की चचाएं है। कुछ लोग इसे अतीक अहमद हत्या कांड से जोड़ रहे है तो कुछ उमेश पाल की हत्या से जोड़ कर चचाएं कर रहे है। हालांकि पुलिस को इस बात की कोई जानकारी नही है। स्थानीय लोगो ने बताया कि पुलिस को सूचना दी गई थी। जली हुई बाइक बीच सड़क 21 दिनों तक पड़ी रही बीते शनिवार को उसे कबाड़ी उठा ले गया।



# किसान संगोष्ठी में खाद एवं बीज के बारे में दिया गया जानकारी

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** मेजा के गौरा पौसिया में बीज भंडार की दुकान पर किसान संगोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें किसानों को खाद एवं बीज के बारे में जानकारी दी गयी। बता दें कि मंगलवार को मेजा के गौरा पौसिया में विष्णु बीज भंडार की दुकान पर कावेरी सीड्स कम्पनी द्वारा किसान संगोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष साधन सहकारी समिति राहुल तिवारी ने किसानों से जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने हेतु जैविक खाद को प्राथमिकता देते हुए यूरिया का संतुलित मात्रा में उपयोग के साथ जिंक और सल्फर का भी प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कावेरी सीड्स कम्पनी के फील्ड एडवाइजर ने रिसर्चर एवं हाईब्रिड धान के प्रजाति के बारे में विस्तार से बताया। इस संगोष्ठी में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान पौसिया दुबे दयाराम, पूर्व प्रधान मणि शंकर द्विवेदी, राजेश मिश्रा उर्फ.माड़ा गुरु, अजय कुशवाहा, अनीता देवी, अजीत प्रजापति सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# यूपी स्टेट क्लासिक पावर लिफ्टिंग चैम्पियन शिप में डायमंड जिम का रहा दबदबा

अखंड भारत संदेश

### पावर लिफ्टिंग की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में रवि शंकर ने लहराया परचम, गांव आगमन पर डायमंड जिम ने किया सम्मानित



**उत्तरांव।** बहुमुखी प्रतिभाएं कहीं भी छिपी हो सकती हैं, केवल जरूरत है तो उस प्रतिभा को पहचानकर उसमें निखार लाने की। डायमंड जिम के रवि शंकर व रवि कांत ने भी अपनी एक ऐसी प्रतिभा के दम पर प्रयागराज का नाम प्रदेश लेवल पर रोशन किया है। रविशंकर ने प्रदेश स्तर पर केडी सिंह बाबू सिंह स्टेडियम मे आयोजित पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल किया है। बता दें कि बॉडी बिल्डिंग का शौक रखने वाले रवि शंकर ने लगभग डेढ़ साल पहले इस ओर अपने कदम बढ़ाए थे। रविशंकर ने पहले जिला स्तरीय में अपना खिताब हासिल किया तथा प्रदेश स्तरीय सिल्वर मेडल प्राप्त कर अपने गांव व जिम सेंटर का नाम रोशन किया। उनकी इच्छा है कि नेशनल पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने की तथा जीतकर कुछ कर दिखाने की जुनून सा है। जिसके लिए वह कड़ी से कड़ी मेहनत कर रहे हैं। आगमन पर बलीपुर स्थित डायमंड जिम सेंटर पर रवि शंकर व रविकांत का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। डायमंड जिम संचालक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। यदि हौसला हो तो व्यक्ति असंभव से असंभव काम को संभव बना सकता है। लक्ष्य के लिए पागलपन व जुनून लाना बहुत ही जरूरी है। रविशंकर ने सफलता का श्रेय अपने परिजनों व गुरु आशीष श्रीवास्तव उर्फ डायमंड को दिया। वही समाजसेवी अभिषेक सिंह ने रविशंकर व रविकांत को फूल मालाओं से मेडल प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।उक्त अवसर पर भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सीएचसी मेजा के चिकित्सकों के आवास खंडहर में तब्दील, मरम्मत की दरकार

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** विकास खंड मेजा के मेजा खास में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बने चिकित्सकों के आवास खंडहर में तब्दील हो गए हैं। आवास जर्जर होने के कारण चिकित्सक रात में अस्पताल परिसर में निवास नहीं करते और जिला मुख्यालय चले जाते हैं। इससे रात में बीमार पड़ने वालों का इलाज नहीं हो पाता है। सीएचसी परिसर में बने चिकित्सकों के आवास खंडहर में तब्दील हो गए हैं। कीमती खिड़कियां और दरवाजे गायब हैं।दीवारों का प्लास्टर तक टूट चुका है। दीवार के साथ छतों पर घास और पौधे उग आए हैं।सफाई के अभाव में परिसर में गंदगी का अंबार लगा है।बदहाल आवास के कारण चिकित्सकों को रात्रि निवास नहीं कर रहे हैं। आवास की मरम्मत को लेकर चिकित्सकों ने आवाज भी उठाई लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। सीएचसी के अधीक्षक डा. ओम प्रकाश ने बताया कि आवास की मरम्मत के लिए उच्चाधिकारियों को कई बार पत्र भेजा गया है, लेकिन अभी तक स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई। धन आवंटित होने पर आवासों की मरम्मत कराई जाएगी।आपको बता दें कि वर्ष 1985 के पूर्व अस्पताल का संचालन तहसील मुख्यालय के पास स्थित पुराने अस्पताल में होता था। इसके बाद करोड़ों रुपये से मेजा पहाड़ी पर तीस शैय्या का आवासीय अस्पताल बनाया गया। आवासीय अस्पताल बनाए जाने के बाद मेजा तहसील मुख्यालय के पास रहे पुराने अस्पताल का संचालन बंद कर डाक्टर व स्वास्थ्यकर्मी नए अस्पताल में चले गए। अस्पताल का संचालन ठीक ठाक होने लगा। उसी बीच वर्ष 1989 में एक रात बदमाश आवासीय भवन में पहुंच कुछ महिला स्वास्थ्यकर्मियों के साथ छेड़खानी करने लगे। चीख पुकार सुन आवासीय भवन में रहने वाले अन्य स्वास्थ्यकर्मी उसे बचाने के लिए दौड़े तो बदमाशों ने एक स्वास्थ्यकर्मी सहित दो कर्मचारियों पर हमला बोल दिया था।इस घटना में दोनों की मौत हो गई थी।इस घटना के बाद सीएचसी में कार्य करने वाले डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी दहशत में आ गए। अस्पताल का संचालन ठप कर दिया गया। जानकारी पर स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारी पहुंच कुछ दिनों के लिए अस्पताल का संचालन पुराने अस्पताल में कर दिया था। स्थिति सामान्य होने पर दोबारा अस्पताल का संचालन मेजा पहाड़ी स्थित सीएचसी में होने लगा। अस्पताल के अधीक्षक ओम प्रकाश, डाक्टर बबलू श्रीवास्तव, डॉ. स्वास्वत सिंह, डॉ. शमीम अख्तर, डॉ. सुरेश चन्द्र सोनकर, डॉ. रेशमा खान ने बताया कि आवासीय भवन न होने से अस्पताल के कर्मचारियों के साथ डाक्टरों को रात रहने में दिक्कते होती हैं। जिससे या तो किराए के मकान में रहते हैं या फिर शहर से आवागमन करते हैं।

# सत्य एवं भक्ति का समन्वय होने पर भगवान का आगमन अवश्य होता है : हरिप्रपन्नाचार्य

अखंड भारत संदेश



**प्रतापपुर।** बरना बाजार में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन मंगलवार को कथा व्यास रामानुजाचार्य स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने श्री कृष्ण लीला व माखन चोरी एवं श्री गोवर्धन पूजा प्रसंग का बहुत सुंदर वर्णन करके उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया इस अवसर पर छप्पन भोग महोत्सव भी मनाया गया। महाराज ने कहा कि जहां सत्य एवं भक्ति का समन्वय होता है, वहां भगवान का आगमन अवश्य होता है। जब भगवान श्रीकृष्ण नंद गांव पहुंचे तो देखा कि गांव में इंद्र पूजन की तैयारी में 56 भोग बनाए जा रहे हैं। श्रीकृष्ण ने नंद बाबा से पूछा कि कैसा उत्सव होने जा रहा है जिसकी इतनी भव्य तैयारी हो रही है नंद बाबा ने कहा कि यह उत्सव इंद्र भगवान के पूजन के लिए हो रहा है क्योंकि वर्षा के राजा इन्द्र है और उन्हीं की कृपा से बारिश हो सकती है। इसलिए उन्हें खुश करने के लिए इस पूजन का आयोजन हो रहा है इस पर श्रीकृष्ण ने इंद्र के लिए हो रहे यज्ञ को बंद करा दिया और कहा कि जो व्यक्ति जैसा कर्म करता है, वैसा ही फल मिलता है इससे इंद्र का कोई मतलब नहीं है ऐसा होने के बाद इंद्र गुस्सा हो गए और भारी बारिश करना शुरू कर दिए नंद गांव में इससे त्राहि-त्राहि मचने लगी तो भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को ही उठा लिया नंद गांव के लोग सुरक्षित हो गए इसके बाद से ही गोवर्धन पूजा का क्रम शुरू हुआ। महाराज ने भगवान कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी लीला का प्रसंग भी विस्तार पूर्वक समझाया। अंत में आरती के पश्चात सभी को छप्पन भोग का दिव्य प्रसाद वितरित किया गया। कथा श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में महिला-पुरूष पहुंचे।इस अवसर पर मुख्य यजमान अनंत प्रसाद तिवारी, कुसुम तिवारी, सावित्री देवी, मानस भास्कर अनुज आचार्य जी महाराज, अंबुज आचार्य, मदन गोपाल आचार्य, मातेश्वर प्रसाद आचार्य, मुन्नू, अभिषेक शुक्ला, त्रिभुवन, भोला, सिंटू, शिवपूजन एवं परिजनों में जनार्दन प्रसाद तिवारी, राधेश्याम तिवारी, प्रकाश नारायण, अभय नारायण, गुलाब नारायण, अजब नारायण तिवारी एडवोकेट, शिवशंकर तिवारी, विनय शंकर तिवारी, सुनील कुमार तिवारी अध्यापक, राम सन्मुख, जितेंद्र प्रसाद, विजय पांडेय, निशाकांत, एडवोकेट अशोक तिवारी, प्रोफेसर सुशील तिवारी, मनोज तिवारी बीडीसी, अरूण तिवारी अध्यापक, अनिल, अवधेश, अखिलेश, मुकेश अध्यापक, रविशंकर, सूर्यप्रकाश, राहुल, नीरज, चंद्रप्रकाश, उज्जवल तिवारी सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## मऊआइमा में जी एस टी विभाग ने एक टायर की दुकान में छापा मार कर पकड़ा लाखों की चोरी

### जी एस टी विभाग के भय से अन्य कारोबारी भी अपनी अपनी दुकानें बंद कर फरार, हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा में जी एसटी विभाग ने एक बडे कारोबारी के टायर की दुकान में घंटों छापामारी कर पूरी दुकान के कागजात की जांच की कागजात में गड़बड़ी देख कर सारे कागजात ,अभिलेख उठा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना पडाव फोरलेन के निकट स्थित एक बहुत बडे कारोबारी जिसके यहां लाखों का कारोबार होता है। बताया गया है कि मंगलवार को अचानक प्राइवेट वाहन से आयी जी एस टी टीम ने घंटों छापामारी कर एक एक सामानों सहित अन्य कारोबार के कागजातों की गहन छान बीन किए। बताते हैं कि जी एस टी टीम टीम को काफी गडबड झाला मिला। तो दुकान के सारे सामानों को गिने और कागजातों, एंव डायरी आदि की कापी जब्त कर लिए अन्य कारोबारियों ने बताया कि लाखों की जीएसटी पकडी गई है। जी एस टी विभाग के औचक निरीक्षण से आस पास की सारी दुकानें बंद हो गई। जिसे लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय यह बना हुआ है कि उक्त बडे कारोबारी के यहां तीन घंटे से अधिक समय तक छापामारी में लाखों की टैक्स चोरी जरुर पकडी गयी है। बहरहाल जीएसटी विभाग ने सारे अभिलेखों को लेकर चले गए।

# यामवंत अध्यक्ष व अखिलेश बने जूनियर शिक्षक संघ के मंत्री




अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ मेजा ईकाई का निर्वाचन/अधिवेशन संपन्न हुआ। उच्च प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय बेलहा के यामवंत प्रसाद सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। उच्च माध्यमिक विद्यालय घोरी मेजा के अखिलेश मिश्र निर्विरोध मंत्री चुने गए। बटुकनाथ, आनंद पाल, ज्योति शर्मा उपाध्यक्ष व रमेश चंद्र, अरूण त्रिपाठी, वर्षा साहू को संयुक्त मंत्री व राज कुमार को कोषाध्यक्ष, लवकुश चौरसिया आर्य व्यय निरीक्षक, मो. सोएब सिद्दीकी को लेखाकार निर्वाचित किया गया। पर्यवेक्षक अरविंद कुमार तिवारी व प्रमिला शर्मा के देख-रेख में संकुशल निर्वाचन/अधिवेशन संपन्न हुआ। निर्वाचन के पश्चात मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नई ब्लाक इकाई उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के दिशा-निर्देश में अध्यापक हित में कार्य करेगी।जिला महामंत्री राजेंद्र अनुरागी ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।इस अवसर पर मेजा व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, नितेश तिवारी, विनोद शुक्ल, रंजना पांडेय, अनुराग पांडेय, छविनाथ तिवारी, भूपेंद्र वीर सिंह, संजय तिवारी, शैलेन्द्र शुक्ल, विकास पांडेय,आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल श्रीनारायण त्रिपाठी ने किया।

### शुआट्स : कार्यवाहक कुलपति के नेतृत्व में शैक्षिक गतिविधियां हो रही संचालित

**नैनी, प्रयागराज।** शुआट्स के मीडिया प्रभारी डा रमाकान्त दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के एक सेवानिवृत्त प्रोफेसर सुब्रत कुमार सिंह द्वारा शुआट्स के संबंध में मनगढ़ंत अनर्गल, झूठे एवं निराधार आरोप लगाए जा रहे है। सत्यता यह है कि कुलपति की अनुपस्थिति में शुआट्स की कार्यवाहक कुलपति प्रो रानू प्रसाद के नेतृत्व में शैक्षिक गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो रही है। सुब्रत कुमार द्वारा विश्वविद्यालय में अराजकता फैलाने, शिक्षकों को भड़काने के लिए झूठी अफवाह फैलाई जा रही है कि प्रोफेसर जोनाथन लाल द्वारा विश्वविद्यालय का संचालन किया जा रहा है जबकि शुआट्स में सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही है कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर रानू प्रसाद एवं कार्यवाहक कुलसचिव के नेतृत्व में सभी शैक्षिक गतिविधियां शांतिपूर्वक सुचारू रूप से चल रही है। विश्व विद्यालय प्रबंधन ने अपील की है कि सुब्रत कुमार सिंह द्वारा सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाह पर ध्यान ना दें।

# केक काटकर कार्यकताओं ने मनाया डिप्टी सीएम का जन्मदिन

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** भाजपा कार्यालय सहसों पर रविवार को मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का 54 वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार अमरनाथ त्रिपाठी के हाथों उप मुख्यमंत्री के छायाचित्र के सामने केक काटकर छायाचित्र पर केक को स्पर्श कराते उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर जन्मदिन मनाया और शुभकामना के साथ बधाई भी प्रेषित की गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमरनाथ तिवारी ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के राजनैतिक जीवन सफर पर विस्तार से चर्चा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार एवं भूमि विकास बैंक अध्यक्ष फूलपुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को विकास पुरुष बताते हुए अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजधर द्विवेदी, रंजना परिहार, राजेश सरोज, मंडल महामंत्री संजय सिंह, लालजी गौतम, अमन सिंह राजपूत, संतोष सिंह, जितेन्द्र कुमार पटेल, महेश सिंह, लवकुश बिन्द , गगन शुक्ला, जितेंद्र सिंह, प्रमोद शुक्ला, मुन्ना दूबे, रंजन तिवारी, सतीश कुमार, सुनील कुमार एवं हर्षित सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व हिन्दू परिषद द्वारा कलना पंचायत भवन पर सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन

अखंड भारत संदेश




**प्रतापपुर।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के घोषणा पत्र में बजरंगदल को आतंकवादी संगठन से जोड़कर बैन करने की बात के विरोध में भारत वर्ष में जगह जगह सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन विश्व हिन्दू परिषद द्वारा किया गया है। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि बजरंगदल सेवा सुरक्षा और संस्कार की बात करता है और कांग्रेस भारत की अखंडता के लिए घातक है बार बार देश के टुकड़े करने वाली कांग्रेस अब अपनी हद में रहे ऐसी गिरी मानसिकता वाली कांग्रेस की यह बयानबाजी उनके राजनीति के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी।बजरंग दल जिला गंगापार प्रयागराज धनुपूर प्रखंड द्वारा सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन धनुपूर प्रखंड के विभिन्न न्याय पंचायतों में किया गया।इस अवसर पर दुर्गेश शुक्ला जिला सह सयोंजक बजरंग दल, पंकज शुक्ला धनुपूर प्रखंड अध्यक्ष, शुभम तिवारी प्रखंड बजरंग दल संयोजक, विकास जायसवाल, प्रखंड उपाध्यक्ष, प्रेम सागर गुप्ता प्रखंड सहसंयोजक बजरंग दल, गोपाल तिवारी प्रखंड सत्संग प्रमुख, संतोष भारतीया, पवन केसरवानी, दुर्गा प्रसाद प्रखंड सह सयोंजक, अरविंद प्रजापति एवं तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### फर्जी मुकदमे में फंसा कर लोगों से धन उगाही करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**उतरांव।** उतरांव पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हासिल हुई जब पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया। मुकदमे में वांछित चल रहे शिव कुमार उर्फ बुल्ले पुत्र ननकू राम निवासी श्री पुर थाना उतराव जनपद प्रयागराज को पुलिस ने गायत्री ढाबा के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के लिए चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त अपने सहयोगी अभियुक्ता सितारा देवी पत्नी महेंद्र कुमार निवासिनी बेलहरा मोहम्दाबाद व राजकुमारी पत्नी जलाल निवासिनी राजकुमारी पत्नी हिन्छ लाल निवासिनी खानापुर ममरेज के साथ मिलकर गांव समाज के संभ्रांत व्यक्तियों पर छेड़खानी और बलात्कार का फर्जी मुकदमा न्यायालय में दाखिल कर लिखाने की धमकी देकर लोगों से धन उगाही करता था। जिसको लेकर नीमी थरिया गाव निवासी मनोज पटेल की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर तलास जुटी थी। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक महेश चंद्र,सिपाही राजीव कुमार व अमरजीत यादव रहे।

# इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के छात्रों ने किया प्रदर्शन

## कथित यौन उत्पीड़न के तीन आरोपी प्रोफेसरों को बर्खास्त करने की मांग

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में कथित यौन उत्पीड़न के तीन आरोपी प्रोफेसरों को तत्काल उनके पदों से बर्खास्त कर विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित को लेकर छात्रों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे छात्रों ने कुलपति कार्यालय का घेराव किया और विश्वविद्यालय प्रशासन और तीनों प्रोफेसरों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।छात्रों ने विश्व विद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. एनके शुक्ला को ज्ञापन देते हुए अवगत कराया कि इलाहाबाद विश्व विद्यालय के रिटायर्ड प्रोफेसर मनमोहन कृष्णा, रिटायर्ड प्रोफेसर प्रहलाद कुमार व वर्तमान कार्यरत प्रोफेसर जावेद अख्तर को निष्पक्ष जांच संपादित करने के लिए अपने पदों से त्याग पत्र देना चाहिए और उनका विश्वविद्यालय परिस में प्रवेश प्रतिबंधित होना चाहिए। यही न्याय की स्थापना के लिए आवश्यक होगा।

**छात्रों का सवाल, छात्राएं कैसे रहेंगी सुरक्षित :** छात्रों ने कहा कि बड़ी चिंता का विषय है कि इलाहाबाद विश्व विद्यालय में जब एक शिक्षिका सुरक्षित नहीं है तो आम छात्राएं कैसे सुरक्षित रहेंगी। कुलपति से छात्रों ने मांग की है कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय की एक महिला शिक्षिका के साथ किया गया यौन उत्पीड़न व एससी एसटी शोषण के खिलाफ एक महिला होने के नाते उस महिला शिक्षिका को न्याय दिलाने में उनकी मदद करें और तीनों आरोपी प्रोफेसरों को तत्काल इनके पद से बर्खास्त कर इनको विश्वविद्यालय परिसर के अंदर संपूर्ण बैन लगाया जाये। एक जांच कमेटी गठित कर मामले की पूरी जांच कराई जाए। उस प्रताड़ित महिला प्रोफेसर को न्याय दिलाएं और उन आरोपी प्रोफेसरों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें।

**प्रदर्शन में रहे शामिल :** शबनम बानो, अंजना कुशवाहा, नाविका जयसवाल, खुशी प्रिया, हरेंद्र यादव, राहुल सरोज, अशफाक खान, राहुल पटेल,शक्ति राय, मनीष कुमार, अखिलेश, प्रशांत, कुलदीप, रुद्राक्ष, विनीत विश्वास, प्रमोद, श्रीराम, शुभम, धीरज, समीर, विद्यासागर, अनुभव,अक्षय, मुकेश ,मनजीत ,विकास ,अनुराग ,निखिल, ललित आदि लोग उपस्थित रहे।



# सड़क चौड़ीकरण की जद में सैकड़ों मकान, दुकान

### नाप होने के बाद बढ़ी लोगों के दिलो की धड़कन

**झूंसी।** सड़क चौड़ी करण की जद में आने वाले लोगों की नींद उड़ गई है। मंगलवार को पीडीए के कर्मचारियों ने शास्त्री ब्रिज वाराणसी प्रयागराज मार्ग से पुरानी जीटी रोड तक जाने वाली सड़क के चौड़ी करण के लिए नाप कर चिन्ही करण किया। महा कुंभ के लिए क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जाम से निजात दिलाने, और तीर्थ यात्रियों के सुगमता और सुविधाओं सुंदरीकरण के उद्देश्य से झूंसी पुलिया से ओल्ड जीटी रोड के बीच सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव शासन की ओर से पास किया जा चुका है। पुरानी झूंसी पुलिया से गंगा किनारे तक और ओल्ड जीटी रोड गंगा किनारे से अंदावा तक का भी सड़क चौड़ीकरण प्रस्ताव पास किया गया है। सड़क चौड़ीकरण के जद में सैकड़ों मकान, दुकान आ रहे है। सड़क किनारे बसे कई परिवार कम जगह होने से बेघर होने के कगार पर है। मंगलवार को नाप करने पहुचे पीडीए कर्मचारियों ने बताया कि अभी उन्हें सड़क की जद में आने वाले मकान, दुकान, जमीन का नाप जोख कर पूरा लेखा जोखा तैयार करने जिम्मेदारी सौंपी गई है जो मकान, दुकान, जमीन जद में आ रहे है उनका लंबाई चैड़ाई नाम पता लिखा जा रहा है। स्पष्ट जवाब से बचते हुए कर्मचारियों ने बताया कि उक्त मार्ग के बीच से दोनों तरफ 20-20 फीट सड़क चौड़ीकरण करने की संभावना है। अधिकारियों के दिशा निर्देश के बाद आगे की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाएगा।

# आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर हुआ राख



अखंड भारत संदेश

**हंडिया।** हंडिया में संदिग्ध परिस्थिति में आग लगने से घर के अंदर रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया ' घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे लेखपाल और पुलिस ने मौका मुआयना कर पीड़ित परिवार को मुआवजा का आश्वासन दिया है 'हंडिया तहसील के प्रतापपुर विकासखंड क्षेत्र में चम्पापुर गांव में अच्छे लाल गौतम के घर में संदिग्ध परिस्थिति में आग लग जाने से घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। अचानक से आग लगने पर ग्रामीणों के बीच हड़कंप मच गया ' मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाने की पूरी कोशिश किया। लेकिन आग इतना विकराल रुप में था कि आग पर काबू पाने में ग्रामीणों के पसीना छूट गए ' कड़ी मशक्कत के बाद आग पर जब तक काबू पाया गया तब तक घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो चुका था 'पीड़ित ने बताया कि अचानक से आग लगने से घर के अंदर खड़ी बाइक सहित लाखों का गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया ' पीड़ित ने घटना की जानकारी तत्काल ग्राम प्रधान को दिया। जिसके बाद ग्राम प्रधान के द्वारा आग लगने की सूचना लेखपाल के साथ ही पुलिस को दिया गया ' घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे लेखपाल और पुलिस द्वारा मौका मुआयना करते हुए पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है।

# पिकअप की टक्कर से पति-पत्नी की मौत

### बुलेट से पत्नी को लेकर नैनी से रायबरेली जा रहे थे रिटायर्ड नायब सूबेदार, जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के फाफामऊ पुल के समीप मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार पिकअप से एक बुलेट में इतनी जोरदार टक्कर मारी कि बुलेट सवार रिटायर्ड नायब सूबेदार सड़क के दूसरी तरफ जा गिरे। वहीं पीछे बैठी पत्नी रोड साइड पर लगी जाली के पार जाकर गिरी।जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले गई। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया है।

**2019 में रिटायर्ड होने के बाद नैनी में रहते थे बृजेश :** मूल रूप से रायबरेली जिले के ऊंचाहार थाना क्षेत्र के दोहरा मऊ निवासी बृजेश कुमार त्रिपाठी पुत्र स्व. यमुना प्रसाद त्रिपाठी सेना में नायब सूबेदार के पद पर कार्यरत थे। वर्ष 2019 में बमरौली से वह रिटायर्ड हुए थे। उसके बाद प्रयागराज के ही नैनी कोतवाली अंतर्गत काजीपुर मोहल्ले में किराए का मकान लेकर पत्नी संगीता त्रिपाठी और दो बेटों शिवेंद्र त्रिपाठी और राजेंद्र त्रिपाठी के साथ रहते थे। उनके दोनों बेटे पास के ही एक विद्यालय में पढ़ते हैं।

**पत्नी को लेकर रायबरेली जाने के लिए नैनी से निकले थे बृजेश :** घरवालों ने बताया कि मंगलवार को सुबह बुलेट से अपनी पत्नी संगीता त्रिपाठी को लेकर अपने गांव दोहरा मऊ, ऊंचाहार, रायबरेली जाने के लिए नैनी से निकले थे। शिवकुटी थाना क्षेत्र के तेलियरगंज में फाफामऊ पुल जहां से शुरू होता है। उसी के पास उनकी बुलेट मोटरसाइकिल में एक पिकअप वाले ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बुलेट पर पीछे बैठी संगीता त्रिपाठी सड़क के किनारे लगी जाली पार करके दूसरी तरफ जाकर गिर गई।जबकि बृजेश कुमार त्रिपाठी दूसरी तरफ गिरे हेलमेट लगाने के बावजूद उन्हें गंभीर चोट आई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पिकअप का चालक मौके से भाग निकला। सूचना के बाद पहुंची पुलिस घायल दंपती को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय ले गई। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी शिवकुटी मनीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। दोनों की लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दी गई है। परिवार के लोग आ गए है।



## ट्रक और स्कॉर्पियो की आमने-सामने भिड़ंत

### पिता-पुत्र गंभीर, विपरीत दिशा से आ रही थी ट्रक, जांच में जुटी पुलिस

**प्रयागराज।** हंडिया में ट्रक और स्कॉर्पियो में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। स्कॉर्पियो सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल पिता-पुत्र को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।मिली जानकारी के अनुसार हंडिया के मियांगंज निवासी मोहम्मद वसीर पुत्र स्व. मोहम्मद नाजिर अपने बेटे मोहम्मद नासिर के साथ स्कॉर्पियो से बरौत से हंडिया की तरफ आ रहे थे। तभी जैसे ही वह हंडिया पॉलिटेक्निक के सामने पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही ट्रक (यूपी 70 बीटी 7450) से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें स्कॉर्पियो सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए ' धमाके की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दिया ' सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घायल पिता-पुत्र को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## चन्दो देवी के मामले में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने लिया संज्ञान

**प्रयागराज।** अनुसूचित जाति की विधवा महिला चंदो देवी पत्नी स्व. रामअभिलाष निवासिनी थाना करछना स्थित ग्रामसभा सेमरी मजरा ता. पुरवा की है। भूमि प्रबंधक समिति ने चंदो देवी को सन 1994 में पति के मरणोपरान्त आराजी नम्बर 1534 रकबा 0.0800 हेक्टे. लगभग 8 बिस्वा कृषि कार्य हेतु पट्टा किया। पट्टे के समय से ही चंदो देवी पट्टे वाली भूमि पर काबिज दाखिल रहते खेती बारी करती रही चली आ रही है। गांव के ही शोरेपुस्त दबंग लोगों ने जबरन चंदो देवी की पट्टे वाली भूमि पर कब्जा कर लिये। दिनांक 13.10.2022 को विपक्षीगण के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के बावत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व दिनांक 24.02.2023 को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रयागराज को प्रार्थना पत्र दिया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि ने थानाध्यक्ष करछना को विपक्षीगण के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश जारी किया। किन्तु तीन महीने बाद आज तक थानाध्यक्ष करछना ने विपक्षीगण के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। सहायक पुलिस आयुक्त करछना से बात करने पर जबाब मिला कि चंदो देवी विपक्षी से बेचीनामा करके दो बिस्वा जमीन विपक्षी को बेच दिया है।


## आवश्यकता है

एस. आर. सिंह आर बी सिंह महाविद्यालय हण्डिया प्रयागराज (सम्बद्ध राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज)

**प्राचार्य हेतु**

योग्यता एवं वेतनमान राज्य सरकार विश्वविद्यालय के मानकानुसार
आवेनद की अंतिम तिथि विज्ञापन के 15 दिन के अन्दर

प्रबन्धक : राम बहादुर सिंह
मो.: 8853264243

**किशोरी लाल महादेयी विधि महाविद्यालय**
पुरवा, पतेवरा, नैनी, प्रयागराज (सम्बद्ध राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज) उ. प्र.

## आवश्यकता है

**किशोरी लाल महादेयी विधि महाविद्यालय पुरवा, पतेवरा, नैनी, प्रयागराज में**

L.LB ( 3 Years) के सभी विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं (B.A. L.LB) ( 5 Years) में विधि के समस्त विषयों के साथ ही राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, अंग्रेजी विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता हेतु स्थान रिक्त है, प्रवक्ता के साथ ही एक पद प्राचार्य हेतु भी स्थान रिक्त है।

योग्यता एवं वेतनमान राज्य सरकार विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के अन्दर अपना बायोडाटा एवं समस्त मूल दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय में सम्पर्क करें।

प्रबन्धक
मो.: 9451360758, 9125404570



# कार्यालय ग्राम पंचायत शमलीपुर विकास खण्ड मेजा, प्रयागराज

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

ग्राम पंचायत शमलीपुर, विकास खण्ड मेजा जनपद प्रयागराज में 14/15वीं वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नाली निर्माण, नाली मरम्मत एवं पाइप, खड़जा निर्माण खड़ना मरम्मत कार्य, हैंडपम्प मरम्मत और रिबोर कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र, शौचालय निर्माण एवं मरम्मत, सोलर लाइट, डस्टबिन सफाई किट व सामुदायिक शौचालय` एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एस०एल० डब्ल्यू0 एम0 के तहत होने वाले सभी निर्माण कार्य आदि में आपूर्ति होने वाली समस्त सामग्री जैसे इंटरलाकिंग ईंट, सीमेन्ट, लाल ईंट, बालू, गिट्टी, एस०एल० डब्ल्यू0एम0 सरिया, स्टोन पत्थर, स्टोन ग्रिट, जीएसबी, दरवाजा पेंट, टाइल्स, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत समस्त कार्य कोरोना वायरस संबंधित साफ सफाई का कार्य व चबूतरा निर्माण, माक्स, सेनीटाइजर स्प्रे मशीन, दस्ताना, थर्मल स्कैनिंग मशीन, पंचायत भवन, अत्योष्टि स्थल के निर्माण कार्य व मरम्मत कूडा गाड़ी/ई- रिक्शा सहित आदि कार्यों में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्तिकर्ता व्यापार कर वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत हो, निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 15.04.2023 से दिनांक 20.04.2023 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 27.04.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। उक्त निविदा वर्ष` 2023/2024 में कराए जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगा।

निशा देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत शमलीपुर
वि०ख० मेजा, प्रयागराज

संजय शुक्ला
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत शमलीपुर
वि०ख० मेजा, प्रयागराज



# कार्यालय ग्राम पंचायत रामगढ़, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन

**टेण्डर/कोटेशन**

दिनांक 08-05-2023

ग्राम पंचायत **रामगढ़** में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/14/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **रामगढ़** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मों से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 09-05-2023 से दिनांक 24-05-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 25-05-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 25-05-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | बरमदीन शर्मा के घर से शशिकान्त विश्वकर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 2.00 (लाख) | 1 माह |
| 2. | हरेन्द्र शर्मा के घर से छककन लाल भारतीय के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 1.50 (लाख) | 1 माह |
| 3. | श्रीकान्त शुक्ला के घर से महेन्द्र शुक्ला के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.00 (लाख) | 1 माह |
| 4. | अमरनाथ भारतीय के घर से राम प्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 1.00 (लाख) | 1 माह |
| 5. | राजानन्द भारतीय के घर से मुकेश भारतीय के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 2.00 (लाख) | 1 माह |
| 6. | राजित राम शुक्ल के कुआं से तालाब संख्या 428 तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 3.50 (लाख) | 1 माह |

कृष्णावती
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामगढ़
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

अमरेश सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत रामगढ़
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


# कमरे के फर्श पर मिला प्रापर्टी डीलर शव

### डिप्रेशन में रहता था नागेंद्र, 3 महीने पहले पत्नी की हो चुकी है मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में मिंटू रोड पर रहने वाले एक प्रॉपर्टी डीलर का शव मंगलवार को उसके कमरे के फर्श पर मिली। दुर्गंध उठने पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर मौके की जांच पड़ताल कराई। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रॉपर्टी डीलर की पत्नी की 3 महीने पहले ही मौत हो गई थी। जिसके बाद युवक डिप्रेशन में चल रहा था। उसके घर वालों को सूचना दे दी गई है।

**ब्रेन हेमरेज से हुई थी पत्नी की मौत :** मूल रूप से गाजीपुर जिले के सियारा गांव निवासी नागेंद्र राय पुत्र शशिकांत राय प्रयागराज की सिविल लाइंस कोतवाली अंतर्गत मिंटो रोड पर मेजर विजय यादव के मकान में किराए पर परिवार के साथ रहता था। उसकी पत्नी अंजली राय काफी दिनों से बीमार चल रही थी। करीब 3 महीना पहले ब्रेन हेमरेज की वजह से अंजली राय की मौत हो गई थी। इसके बाद नागेंद्र ने अपने दोनों बच्चों को गांव सियारा भेज दिया था। यहां पर वह अकेले रहता था।

**कमरे से आ रही थी तेज दुर्गंध :** पुलिस के अनुसार पत्नी की मौत और बच्चों के गांव जाने के बाद से नागेंद्र राय डिप्रेशन में चला गया था। वह दारु पीने का आदी हो गया था। अकेले होने की वजह से कोई रोकता टोकता भी नहीं था। मंगलवार को उसके कमरे से तेज दुर्गंध आ रही थी। पहले तो लोगों ने इग्नोर किया, लेकिन जब नहीं रहा गया तो मकान मालिक ने सिविल लाइंस कोतवाली में सूचना दी।सूचना के बाद पुलिस पहुंची तो कमरे के फर्श पर नागेंद्र राय का शव पड़ा मिला। शव दो-तीन दिन पुरानी लग रही थी। जिसकी वजह से दुर्गंध आ रही थी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच पड़ताल कराई। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।चौकी इंचार्ज दीपक सिंह ने बताया कि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।


# कार्यालय ग्राम पंचायत सुहास विकास खण्ड मेजा, प्रयागराज

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

ग्राम पंचायत सुहास, विकास खण्ड मेजा जनपद प्रयागराज में। 14/15वीं वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नाली निर्माण, नाली मरम्मत एवं पाइप, खड़जा निर्माण खड़ना` मरम्मत कार्य, हैंडपम्प मरम्मत और रिबोर कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रीय निर्माण एवं मरम्मत, सोलर लाइट, डस्टबिन सफाई किट व सामुदायिक शौचालय` एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एस०एल० डब्ल्यू0 एम0 के तहत होने कले सभी निर्माण कार्य आदि में आपूर्ति होने वाली समस्त सम्म जैसे इंटरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, लाल ईंट, बालू, गिट्टी, एस०एल० डब्ल्यू0 एम0 सरिया, स्टोन पत्थर, स्टोन ग्रिट, जीएसबी, दरवाजा पेंट, टाइल्स, ऑपरेशन` कायाकल्प के अन्तर्गत समस्त कार्य कोरोना वायरस संबंधित साफ सफाई का कार्य व चबूतरा निर्माण, माक्स, सेनीटाइजर स्प्रे मशीन, दस्ताना, थर्मल स्कैनिंग मशीन, पंचायत भवन, अत्योष्टि स्थल के निर्माण कार्य व मरम्मत कूडा गाड़ी/ई-` रिक्शा सहित आदि कार्यों में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्तिकर्ता व्यावर कर वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत थे, निविदा आमंत्रित की जाती। है। दिनांक 15.04.2023 से दिनांक 20.04.203 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 27.04.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। उक्त निविदा वर्ष 2023/2024 में कराए जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सुहास
वि०ख० मेजा,
प्रयागराज

संजय शुक्ला
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सुहास
वि०ख० मेजा, प्रयागराज



# कार्यालय ग्राम पंचायत चपरो विकास खण्ड मेजा, प्रयागराज

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

ग्राम पंचायत चपरो, विकास खण्ड भेजा जनपद प्रयागराज में 14/15वीं वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कली निर्माण, नली मरम्मत एवं पाप, खड़ना निर्माण खड़न मरम्मत कार्य, हैंडपम्प मरम्मत और रिबोर कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र, शौचालय निर्माण एवं मरम्मत, सोलर लाइट, डस्टबिन सफाई किट व सामुदायिक शौचालय एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एस0एल0 डब्ल्यू0 एम0 के तहत होने कले सभी निर्माण कार्य आदि में आपूर्ति होने वाली समस्त सामग्री जैसे इंटरलाकिंग ईंट, सीमेन्ट, लाल ईंट, बालू, गिट्टी, एसएलडब्ल्यू एम० सरिया, स्टोन पत्थर, स्टोन ग्रिट, जीएसबी, दरवाजा पेंट, टाइल्स, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत समस्त कार्य कोरोना वायरस संबंधित साफ सफाई का कार्य व चबूतरा निर्माण, माक्स, सेनीटाइजर स्प्रे मशीन, दस्ताना, थर्मल स्कैनिंग मशीन, पंचायत भवन, अत्योष्टि स्थल के निर्माण कार्य व मरम्मत कूडा गाड़ी/ई- रिक्शा सहित आदि कार्यों में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्तिकर्ता व्यापार कर वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत हो, निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 15.04.2023 से दिनांक 20.04.2003 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 27.04.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। उक्त निविदा वर्ष 2023/2024 में कराए जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगा।

सुरेश चन्द्र तिवारी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत चपरो
वि०ख० मेजा, प्रयागराज

संजय शुक्ला
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चपरो
वि०ख० मेजा, प्रयागराज

# कार्यों में लापरवाही पर एडीपीआरओ व 03 जिला कन्सल्टेन्ट को कारण बताओ नोटिस जारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने पिछली बैठक की कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी दी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत विभिन्न मदों में व्यय हुई धनराशि, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत व्यक्तिगत पात्र लाभार्थियों को शौचालय निर्माण हेतु प्रथम व द्वितीय किश्त की धनराशि दिये जाने व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर के सम्बन्ध में समीक्षा की।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न



जिला स्वच्छता समिति की बैठक में बोलते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा कार्यो में लापरवाही एवं शिथिलता बरती जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को कड़ी फटकार लगायी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के योजनान्तर्गत चयनित स्थलों पर प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन यूनिट (पीडब्ल्यूएमयू) निर्माण की प्रगति, गंगा ग्राम/मॉडल ग्राम, शौचालय निर्माण के प्रगति की समीक्षा की, जिसमें एडीपीआरओ द्वारा सन्तोषजनक उत्तर नही दिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने एडीपीआरओ राजीव कुमार मौर्य तथा 03 जिला कन्सल्टेन्ट (एसबीएम-जी) अतुल मिश्र, प्रवेश शुक्ल व स्मिता त्रिपाठी को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्दर प्रगति रिपोर्ट जवाबदेही के साथ उपलब्ध करायें, यदि प्रगति रिपोर्ट सन्तोषजनक नही पायी जाती है तो एडीपीआरओ के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही जायेगी एवं मैन पावर एजेन्सी को पत्र भेजकर सम्बन्धित जिला कन्सल्टेन्ट के स्थान पर दूसरे जिला कन्सल्टेन्ट (एसबीएम-जी) उपलब्ध कराये जाये। जनपद के नवचयनित 954 ग्रामों की हर ब्लाक स्तर पर कार्ययोजना बनायी जाये और इसकी ट्रेनिंग करायी जाये तथा सभी प्रधानों के साथ बैठक करायें जिससे कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण का कार्य पूर्ण हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, वरिष्ठ कोषाधिकारी दीपक बाबू, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी सहित जिला स्वच्छता समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजन घर बैठे प्राप्त कर सकेगे रेल रियायती प्रमाण पत्र

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जो दिव्यांगजन रेल के कंसेशन सर्टिफिकेट टिकट पर यात्रा करना चाहते हैं। उन्हें अब ऑनलाइन रियायती प्रमाण पत्र बनवाना पड़ेगा। जो घर बैठे आसानी से हो सकता है। जिले के दिव्यांगजानो को इसके लिए इधर उधर भटकने या भागदौड़ करने की जरूरत नहीं है।

इसको बनवाने के लिए रेलवे ने पोर्टल बनाया है। जिसकी सहायता से ऑन लाइन रियायती प्रमाण पत्र सम्बन्धी प्रक्रियाओं को घर बैठे पूर्ण करके अपना रेल रियायती प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है। उन्हें इस कार्य के लिए मंडल कार्यालय लखनऊ आने की आवश्यकता नही होगी। ऑन

## प्रमाण पत्र के लिए रेलवे ने तैयार किया पोर्टल

लाइन की इस प्रक्रिया में सबसे पहले आवेदक को रेलवे की वेबसाइट पर लॉग इन कर स्वयं को रजिस्टर्ड करना होगा उसके बाद एक निर्धारित प्रक्रिया को अपना कर वह अपना रियायती टिकट प्रमाण-पत्र जारी कर सकता है।

निम्नलिखित श्रेणियों में दिव्यांगजन यात्री फोटो पहचान पत्र जारी करने/नवीनीकरण के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।पूर्णतया दृष्टिबाधित,मानसिक रूप से विक्षिप्त जो अनुरक्षक के बिना यात्रा नहीं कर सकता। पूरी तरह से सुनने और बोलने में अक्षम, आर्थोपेडिक रूप से विकलांग/पैराप्लेजिक व्यक्ति/मरीज जो एक एस्कॉर्ट की सहायता के बिना यात्रा नहीं कर सकते हैं। आवेदक को दस्तावेजों की स्कैन कॉपी के साथ तैयार रहना जरूरी है। सरकारी डॉक्टर/सरकारी अस्पताल द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र। रेलवे रियायत प्रमाण पत्र (आवेदक होम पेज पर प्रदान किया गया टेम्पलेट)। पासपोर्ट साइज फोटो।जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रार या नगर निगम द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र, मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र, राशन कार्ड, फोन बिल, बैंक पास बुक आयकर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड समकक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी पते का प्रमाण पत्र इत्यादि होना जरुरी है।

# सऊदी अरबिया में अपनी आवाज बिखेरेगी बेल्हा की बेटी

## रियाद और दम्माम में होगा ज्योति का काव्य पाठ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बेल्हा की जानी-मानी कवयित्री सुश्री ज्योति त्रिपाठी को सऊदी अरेबिया में काव्य पाठ हेतु आमंत्रित किया गया है। रियाद में 11 मई तथा दम्माम में 12 मई को बेल्हा की आवाज गूंजेगी। ज्ञात हो कि ज्योति त्रिपाठी अभी तक देश की नामचीन हस्तियों के साथ कई बड़े-बड़े काव्य मंच साझा कर चुकी हैं।

बता दें कि वह साहित्य के साथ-साथ अभिनय के क्षेत्र में बेल्हा का नाम रोशन किया है। उनकी एकल फिल्म रिलीज हो



ज्योति त्रिपाठी।

चुकी है। वाह भाई वाह के मंच पर तीन बार प्रस्तुति दे चुकी हैं। ज्योति बेल्हा का नाम पूरे देश में प्रकाशित कर रही हैं और अब पहली बार बेल्हा की मशाल सऊदी अरबिया में जलाने के लिए रवाना हो रही हैं। ज्योति त्रिपाठी की उपलब्धियों पर खुशी व्यक्त करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कि ज्योति को बेटियों की प्रेरणा स्रोत बताया। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि ज्योति बिटिया से लोगों को सबक लेना चाहिए। विदेश दौरे की खुशी में ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, समाजसेवी संजय शुक्ला, अखिल नारायण सिंह, अनूप त्रिपाठी, साहित्यकार राधेश्याम दीवाना, अनिल कुमार निलय, नाथमौर्य, सरस काका आदि ने खुषी जताई है।

# कलियुग में श्रीमदभागवत कथा का श्रवण मोक्ष का सशक्त माध्यम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के घुइसरनाथ मार्ग स्थित छोटी नहर के समीप हो रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथाव्यास के मुखारबिंद से भगवान् वासुदेव की कथा सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथा व्यास श्रीधाम वृन्दावन से पधारे बाल व्यास नयन कृष्णजी महराज ने कहा कि कलियुग में भागवत कथा श्रवण मोक्ष प्राप्त करने का सबसे सरल माध्यम है। उन्होनें कहा कि परमात्मा की भक्ति वह माध्यम है जो जीवन में सभी परेशानियों का समाधान कर देती है। कथा प्रसंग में कथाव्यास ने कहा कि भागवत कथा को सुनने और इसका आयोजन कराने का सौभाग्य भी परमात्मा की कृपा से ही मिलता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को समय निकालकर कम से कम भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। आयोजन समिति की ओर से अजय सिंह, आदित्य त्रिपाठी, प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, रिंकू शुक्ल, अभिनव मिश्र ने व्यास पीठ का रोली चंदन से पूजन किया। वहीं संयोजक मण्डल के सुशील पाण्डेय, रामनायक मिश्र, हर्षित तिवारी, छविश्याम पाण्डेय ने प्रसाद का वितरण किया। श्रीमदभागवत कथा के दौरान सिद्धार्थ त्रिपाठी, मिथलेश श्रीवास्तव, सूरज गुप्ता, विकास पटवा, रमेश सोनी, अजय उपाध्याय का योगदान भी सराहनीय रहा।

## युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सोमवार की रात अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के शीतला सिंह का पुरवा गौखाडी गांव की सीता देवी पत्नी जगदीश यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि दो मई को तीन बजे उसकी अठारह वर्षीया पुत्री को महेशगंज थाना क्षेत्र के बसंत का पुरवा निवासी संजय यादव उर्फ बुधराम पुत्र घेर्राऊ बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। पुलिस ने मामले की जाचं के बाद तहरीर के आधार पर आरोपी संजय यादव के खिलाफ सोमवार की रात अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

## दुष्कर्म का आरोपी धराया

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के दरोगा अनीस यादव मंगलवार की सुबह पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुरवारा में घेराबंदी करके एक दुष्कर्म के आरोपित बाल अपचारी को धर दबोचा। दरोगा ने बताया कि आरोपित के खिलाफ कार्रवाई कर उसे बाल न्यायालय भेज दिया गया है।

## पुलिस ने दुकान में की छापेमारी, नकली तम्बाकू बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के भंगवा चैकी इलाके के पास दुकानदार सुरेष गुप्ता की दुकान पर पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान नकली तुलसी डबल जीरो की सैकड़ों पाउच बरामद हुई जिस पर दरोगा घनष्याम सिंह ने दुकानदार सुरेष गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज किया है। बता दें कि इन दिनों बाजार में बड़े ब्रांड की नकली तंबाकू बिक रही थी जिस पर तुलसी कंपनी के एजीएम ने शिकायत की थी जिस पर पुलिस ने यह कार्यवाही की।

## पट्टी व कंधई थाने से एक-एक वांछित गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे दो आरोपियों को कंधई तथा पट्टी पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया। पट्टी थाना क्षेत्र के महदहा गांव का रहने वाला राजबहादुर पुत्र रामकिशोर बलवा जानलेवा हमला मारपीट तथा घोर उपहति गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित चल रहा था पट्टी पुलिस ने उसे महदहा नगर पुलिया के पास से गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया, वहीं कंधई थाना अंतर्गत संदीप पुत्र भोला प्रजापति बलवा, घोर उपहति, तथा घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में वांछित चल रहा था कंधई पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया।

## कार्डधारकों को 10 मई से होगा निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि माह मई 2023 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 10 मई से 22 मई तक खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे।

## पेंशनर कोषागार सम्बन्धी शिकायतें आनलाईन वेबसाइट पर दर्ज कराएं

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वरिष्ठ कोषाधिकारी दीपक बाबू ने कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनरों को सूचित किया है कि कोषागार प्रतापगढ़ से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिये वित्त विभाग द्वारा आनलाईन ग्रीवान्स रेड्रेशल मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया है जिसके अन्तर्गत पेंशनर वेबसाइट पिदहतेनचण्पद पर जाकर मोबाइल नम्बर के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है। शिकायत दर्ज होने के उपरान्त आपको एक ग्रीवांश (शिकायत) नम्बर प्राप्त होगा जिससे आप शिकायत निस्तारित होने की स्थिति में समस्त जानकारी देख सकते है।

## भतीजे ने की थी विधवा महिला की हत्या

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विधवा महिला की हत्या का संग्रामगढ़ पुलिस ने आज खुलासा कर दिया। पुलिस ने बताया कि भतीजे ने चाकू से गोदकर महिला की हत्या की थी। बता दें कि 4 मई को बेटी के साथ बाजार जाते समय महिला के साथ यह वारदात हुई थी। संग्रामगढ़ पुलिस ने नहर पुलिया के पास से आरोपी को धर दबोचा। आरोपी ने बताया कि वह महिला की आदत से तंग आ गया था और भाई के साथ योजना बनाकर रास्ते में महिला को मार डाला। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू व बाइक को बरामद किया है।

## सड़क हादसे में रेल कर्मी की मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भुपियामऊ चैराहे पर मंगलवार को तड़के डिलेवरी वाहन की टक्कर से रेल कर्मी अश्वनी यादव (30) की मौत हो गई। कुसुमी कोतवाली के रहने वाला अश्वनी कुमार प्रतापगढ़ रेलवे के सिग्नल विभाग में कर्मचारी था। जानकारी मिलने पर सिग्नल विभाग के अधिकारी मौके पर हैं।

# वीएस मेमोरियल स्कूल में मनी महाराणा प्रताप की भावनात्मक जयंती

## बच्चों ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम



महाराणा प्रताप की वेषभूषा में सजे बच्चे।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रगौरव के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले, वीरता व राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का भव्य प्राकट्य-दिवस मनाया गया।

विद्यालय की निदेशिका अलका सिंह ने अदम्य शौर्य के परिचायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और कहा कि 9 मई अमर सपूत के साहस, त्याग और अदम्य पराक्रम का परिचय कराने वाला दिवस है, जो सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

इस अवसर पर अमर सपूत महाराणा प्रताप की अनुपम वेशभूषा में आए, विद्यालय के नौनिहाल हर्षवर्धन, राजशेखर, विराट, त्रियांश, साहस, शौर्य, आद्विक आदि ने उनकी प्रतिमा पर भावपूर्ण नमन करते हुए जोरदार नारे लगवाए; जिससे विद्यालय प्रांगण देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। दूसरे चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के नौनिहाल अक्षय, रवि, अविरल, हर्षिता, प्रशान्ति, जिज्ञासा, संचिता, ओमिशी, अंजली, आदित्य, सौम्या, अनवी, आस्था आदि ने विश्वविभूति महाराणा प्रताप के जीवन पर आधारित भाषण, गीत, कविता प्रस्तुत करके सबको भावविह्वल कर दिया और दशार्या कि महाराणा प्रताप माँ भारती के ऐसे महान अमर सपूत हैं, जिन्होंने मातृभूमि के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पण कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक धीरेन्द्र सिंह ने अमर सपूत की वीरता और अद्वितीय युद्ध कुशलता के बारे में बताकर छात्र-छात्राओं को जागरुक किया और कहा कि स्वाभिमान के प्रतीक, महान वीर योद्धा के रुप में महाराणा प्रताप देशवासियों के हृदय में बसे हैं।

## दो बाइकों की भिडन्त में पांच घायल, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दो बाइकों की टक्कर मे पांच लोग घायल हो गये। घटना को लेकर दोनो पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दो बाइक चालको के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के शिवबोझ गांव निवासी बद्रीविशाल पुष्पाकर अपने दो साथियों के साथ मंगलवार सुबह वर्मा नगर की तरफ से भेभौंरा होते हुए लालगंज की ओर आ रहा था। इधर एक अन्य बाइक से भेभौंरा निवासी रवि कुमार यादव अपनी पत्नी पूजा के साथ वर्मा नगर की ओर जा रहे थे। भेभौंरा स्थित शैलजा मण्डपम के पास दोनों बाइको की जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार सभी पांच लोग घायल हो गये। घटना को लेकर एक पक्ष से बद्रीविशाल पुष्पाकर व दूसरे पक्ष के रवि कुमार यादव ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चालकों के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक तीव्र गति से वाहन चलाने तथा दुर्घटना करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# पांच टेबलों पर गिना जाएगा कुंडा नगर पंचायत का वोट

## लगभग चार से पांच राउंड में होगी गिनती

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कुंडा के वोटों की गिनती के लिए पांच टेबल लगाई जाएगी। इस पर एक बार में पांच बक्से का वोट गिना जाएगा। इसी तरह से सभी प्रत्याशी पांच एजेंट के साथ एक रिलीवर रख सकेंगे। गिनती के लिए एसडीएम ने स्टांग रूम का निरीक्षण कर रूपरेखा बना ली है।



स्ट्रांग रुप का निरीक्षण करते अधिकारी।

जिले की बहुचर्चित नगर पंचायत सीट कुंडा के मतों की गिनती पांच टेबलों पर एक साथ होगी। इसके लिए प्रत्याशियों को पांच एजेंट के साथ एक रिलीवर यानी छह एजेंट बनाने होंगे। रिलीवर गिनती भी कराएगा और एजेंटों के लिए खाने की पीने की चीजें भी मुहैया कराएगा। इसी तरह से मानिकपुर नगर पंचायत व डेरवा के लिए छह टेबल लगाई जाएगी जबकि हीरागंज बाजार नगरपंचायत के लिए चार टेबल लगेगी। एसडीएम सतीशचंद्र त्रिपाठी ने स्टांग रूम का निरीक्षण कर 13 मई को होने वाली मतगणना के लिए रूप रेखा तैयार कर ली है।

उन्होंने बताया कि टेबल के हिसाब से ही एजेंट बनाए जाएंगे। इसके साथ ही एक रिलीवर भी रखा जा सकेगा। गिनती के दौरान कोई बाहरी व्यक्ति अंदर नहीं जाएगा। एजेंट नगर पंचायतों के ही लोग बन सकेंगे। इसके लिए अपराध करने वालों को योग्य नहीं समझा जाएगा। एजेंटों को अपनी जांच संबंधित थाने से करानी होगी। संबंधित थाने से आख्या मिलने ही एजेंट बनने की अनुमति दी जाएगी।

# विक्षिप्त महिला के आतंक से मची अफरा तफरी

## सलवन-कुसुवापुर मार्ग घंटो बाधित रहा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के मददूपुर गांव सड़क किनारे कुसुवापुर-सलवन मार्ग पर मंगलवार की सुबह लगभग नौ बजे विक्षिप्त निवस्त्र महिला सड़क पर डंडा लेकर खड़ी हो गई और सड़क से गुजरने वाले वाहनो के सीसे व लाइट को बांस का डंडा लेकर तोड़ने को दौड़ती थी। महिला की इस हरकत को देखकर लोगो की आगे जाने की हिम्मत नही पड़ती थी। गांव मे महिला की हरकत से सहमे लोग घरो के दरवाजे बन्द रखते थे किसी की घर से बाहर निकलने की हिम्मत नही पड़ती थी।

महिला की हरकत गांव छोड़कर सड़क पर उतर आने से कुछ घंटो के लिए सलवन मददू पुर मार्ग पर वाहनों का जाम लग गया। महिला के इस कारनामे से गांव के लोग परेशान थे जिसकी नवाबगंज पुलिस व लवाना चैकी इंचार्ज से शिकायत किया लेकिन विक्षिप्ति



सड़क पर लगे जाम हटाने का प्रयास करती पुलिस।

महिला के खिलाफ कोई कारवाई पुलिस नही कर सकी। मंगलवार को विक्षिप्ति महिला का आतंक देख लोग सहम गये और 112 पीआरबी को फोन किया मौके पर पहुँची महिला व पुरुष सिपाही विक्षिप्त महिला के कारनामें देख सहम गये। बगल मे प्राइमरी स्कूल का गेट बन्द कर दिया गया जिससे महिला अंदर न जा सके। पुलिस ने स्थानीय अस्पताल से चिकित्स्को की टीम को बुलाया और किसी तरह महिला को कब्जे मे लेकर उसको टेम्पो पर बैठाकर ले गये महिला के चले जाने के बाद ग्रामीणों को जहा राहत मिली वही सलवन मददूपुर मार्ग पर आवागमन बहाल हुआ और पुलिस ने राहत की सांस ली। विक्षिप्ति महिला के पकड़े जाने के बाद स्कूल का गेट खोला गया और बच्चो को सुरक्षित घर तक शिक्षकों ने पहुंचाया।

## ज्येष्ठ के प्रथम मंगलवार पर श्रद्धालुओं को पिलाया शरबत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ज्येष्ठ माह का प्रथम मंगलवार श्रद्धापूर्वक मनाया गया। श्रद्धालुओं ने संकटमोचन हनुमान जी का पूजन अर्चन किया। मंदिरो में सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ। वहीं इलाके मे जगह जगह लोगों को शरबत पिलाकर मानव सेवा की गयी। कस्बा लालगंज में ज्येष्ठ के मंगलवार को जगह जगह लोगों ने राहगीरों को शरबत पिलाया। वहीं बड़े हनुमान मंदिर मे दर्शन पूजन को श्रद्धालुओं की भीड उमडी दिखी। रानीगंज कैथौला के नया पुरवा में भी कई जगहों पर लोगों को शरबत पिलाया गया। आशीष गौड, पंचलाल केसरवानी, कपिलदेव, भोलानाथ तिवारी, हीरालाल, सागर पटेल, अर्जुन कुमार आदि ने राहगीरों को शरबत पिलाने मे सहभागिता निभाई। इधर पौराणिक शिवस्थली बाबा घुइसरनाथ धाम मे भी ज्येष्ठ के प्रथम मंगलवार को लेकर श्रद्धालुओं का दर्शन पूजन के लिए तांता लगा रहा।

## नाबालिग बच्ची के साथ जंगल में मिले अधेड़ का वीडियो वायरल

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** नाबालिग बच्ची के साथ जंगल में एक अधेड़ का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में अधेड़ को ग्रामीण फटकार लगाते हुए पिटाई भी कर रहे हैं। वीडियो हथिगवां थाना क्षेत्र के डीहा गांव के पास के जंगल का बताया जा रहा है।सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक व्यक्ति एक नाबालिग लड़की के साथ दिख रहा है। पकड़ा गया अधेड़ बेती गांव का बताया जा रहा है। जमीन पर लड़की का बैग पड़ा दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि किशोरी को बरगला कर जंगल में लाया गया है। दोनों को ग्रामीणों ने पकड़ने के साथ ही फटकार लगाते हुए पिटाई भी कर दी है। इस विडियो के बारे में पुलिस का कहना है कि यह पुराना वीडियो वायरल हुआ था।

## खबर संक्षेप

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 08 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से तीन थाना कौशाम्बी से एक थाना पिपरी से तीन थाना मोहब्बतपुर पइसा से एक कुल 08 अभियुको को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सूर्यभान पटेल पुत्र दारा सिंह निवासी बरही का पूरा थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज को बम्हरौली से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त शिव प्रसाद पटेल पुत्र सारदा प्रसाद निवासी देवखरपुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# घर के बाहर सो रही महिला की धारदार हथियार से हुआ बेरहमी से कत्ल

## घर से कुछ दूर पर मिली महिला की अर्धनग्न रक्तरंजित लाश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव में घर के बाहर सो रही अधेड़ महिला की धारदार हथियार से गला रेत कर निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गयी है महिला का चारपाई से कुछ दूर पर ही अर्ध नग्न हालत में शव मिला है,महिला अपने परिजनों से अलग रहती थी और अकेली ही घर के बाहर सो रही थी,हत्या की सूचना पर पहुंची पिपरी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना क्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव की सीता देवी उम्र 45 वर्ष पत्नी स्व सुरेश कुमार अपने 3 बेटे गोविंद, पंकज और नीरज के साथ रहती थी। घर के बाहर सो रही महिला की देर रात धारदार हथियार से सिर व गर्दन पर वार कर निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गई।मृतका सीता देवी अपने परिजनों से अलग कुछ दूर पर बने मकान में रहती थी 8 साल पहले लोधौर गांव के पास सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई थी। सीता ने मजदूरी करके 3 बेटों की परवरिश कर उन्हें पढ़ाया लिखाया। पाल पोश कर बड़ा किया। सीता ने गोविंद व पंकज की शादी कर दी थी। छोटे नीरज की शादी की बात चल रही थी। मृतक सीता के बेटे गोविंद ने बताया कि नीरज की शादी मादपुर गांव में एक परिवार से तय रही थी । अचानक लड़की के कम पढ़े होने पर मां सीता ने सगाई तोड़ दी थी। इस बात से नाराज लड़की पक्ष नीरज की शादी कहीं और तय नहीं होने दे रहे थे। आरोप है कि लड़की पक्ष ने ही नीरज की मां को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या कर दी है। सीता अपने घर से कुछ ही दूरी पर अर्धनग्न हालत में मिली है। परिजनों ने पुलिस को दिए अपने बयान में मां के साथ अनहोनी होने की भी आशंका जाहिर की है।मामले में इंस्पेक्टर पिपरी श्रवण कुमार सिंह ने बताया, गांव में शव मिलने की सूचना पर पुलिस बल भेजा गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों से तहरीर प्राप्त होने पर केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



मृतक महिला



महिला की मौत के बाद घर पर लगी ग्रामीणों की भीड़

## न्यूज झरोखा : चुनाव

### महिला और बच्चो पर तमंचा तानकर बदमाशो ने की लाखों की लूट

शादी वाले घर को बदमाशो ने बनाया निशाना



**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशो ने शादी वाले घर में घुसकर महिला और बच्चो को तमंचे के नोक पर बंधक बनाकर और मारपीट कर लाखो रुपए की लूट पाट की है घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के कोखराज गांव में अशोक कुमार के भाई की सोमवार को शादी थी,सभी लोग बारात में गए थे,घर पर केवल महिला और बच्चे थे देर रात घर में घुसे बदमाशो ने महिला से मारपीट कर और बच्चो पर तमंचा रखकर घर में रखा हुआ चांदी,सोना और नगदी रुपए लूट ले गए,यही नहीं बदमाशो ने महिला के साथ जमकर मारपीट भी की,जिससे महिला की हालत नाजुक बनी हुई है,परिजनो ने महिला को अस्पताल।में भर्ती कराया है।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले एम्बुलेंस कर्मियों को किया गया सम्मानित




**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित निः शुल्क 102 एवं 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों को जिला अस्पताल मंझनपुर में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कौशाम्बी जनपद में 102 की 28 और 108 की 22 एम्बुलेंस संचालित है। विदित हो कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इसे संचालित करने से प्रदेश में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों की जान बचाने एवं सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने का उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। आज उसमे से उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुछ कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ई ?म आर आई के जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश यादव, जिला प्रभारी महेश कुमार एवं नितिन कुमार, एम्बुलेंस हेल्पडेस्क संध्या त्रिपाठी एवं ऋतू सिंह, पायलट राहुल यादव, रोहित, वीरेंद्र, हरदीप सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दोपहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 142 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण 17 अधिकारी कर्मचारी पाये गए अनुपस्थित

## अनुपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के सीडीओ ने दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने मंगलवार को विकास भवन में स्थित सभी कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान कार्यालय सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारी समितियॉ में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर धीरज यादव तथा कनिष्ठ सहायक प्रशान्त आनन्द त्रिपाठी गायब रहे बताया गया यह दोनों लगातार विगत कई महीनों से अनुपस्थित चल रहे है ग्रामोद्योग अधिकारी के कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सहायक अनुचर कौशल कुमार साहनी अनुपस्थित पाये गये। कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के निरीक्षण के दौरान सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग शुभम चतुवेर्दी अनुपस्थित पाये गये एवं बताया गया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रूपेन्द्र कुमार लगातार अनुपस्थित चल रहें है। कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य के निरीक्षण के दौरान मत्स्य विकास अधिकारी सुनील सिंह जंग बहादुर पटेल, श्रीमती किरन सिंह एवं अनिल कुमार अनुपस्थित पाये गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी के निरीक्षण के दौरान कम्प्यूटर आपरेटर कंचन सिंह यादव अनुपस्थित पायी गयी। कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय अनुपस्थित पाये गये। कार्यालय जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी के निरीक्षण के दौरान मार्केटिंग इंस्पेक्टर डा0 शेषाद्रि तिवारी अनुपस्थित पाये गये तथा कनिष्ठ सहायक मो0 मारूफ दिनांक 08 व 09 मई 2023 को अनुपस्थित पाये गये। कार्यालय पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्वनी कुमार एवं वरिष्ठ सहायक श्रीमती गीता सक्सेना व कनिष्ठ सहायक नरेन्द्र तिवारी अनुपस्थित पाये गये। कार्यालय सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई के निरीक्षण के दौरान सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई शुभम मिश्रा अनुपस्थित पाये गये। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों व कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर अपने मन्तव्य सहित आख्या एक सप्ताह के अन्दर उनके कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त (श्रम-रोजगार) मनोज कुमार वर्मा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।



कार्यालय का निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी

### दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान हुई मौत

**कौशांबी।** रविवार के दिन बाइक सवार दो लोग सड़क हादसे में घायल हो गए थे दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज के दौरान एक अधेड़ की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बरई सलेम सगरा गांव निवासी यशवंत सिंह पूर्व प्रधान पति एवं पत्रकार पुत्र सुरेश सिंह और हनुमंत सिंह पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र दोनों लोग बाइक में सवार होकर टेढ़ी मोड़ घटैइया गांव निमंत्रण जा रहे थे तभी टेढ़ी मोड़ हाईवे के पास रविवार के दिन शाम के समय लगभग 8:00 बजे एक कार ने बाइक में टक्कर मार दिया टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों लोग गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन ने पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस से दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया गंभीर अवस्था देखकर जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर किया लेकिन परिजनों ने मंझनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां पर उपचार चल रहा था सोमवार के दिन हनुमंत सिंह पुत्र रामचंद्र की मृत्यु हो गई सूचना पुलिस को दी गई कोखराज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं यशवंत सिंह पूर्व प्रधान पति पुत्र सुरेश सिंह का इलाज चल रहा है जहां यशवंत सिंह की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# लव मैरिज शादी के बाद ससुराल में रह रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** फतेहपुर जनपद के कटोघन के रहने वाले एक युवक ने कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के जिल्ला पर की एक बालिका से लव मैरिज में शादी की थी युवक ट्रक चालक था और अक्सर आकर अपने ससुराल जिल्ला पर में रहता था ट्रक चालक प्रेमी की सोमवार की रात में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है युवक के परिवार को बिना बताए उसके ससुराली जन अंतिम संस्कार करने जा रहे थे लेकिन मामले की भनक युवक के परिजनों को लग गई वह मौके पर पहुंचे पुलिस को सूचना दिया परिजनों की सूचना पर पहुंची कोखराज पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी। घटनाक्रम के मुताबिक फतेहपुर जनपद के कटोघन गांव के रहने वाले रवि सोनकर ने कुछ समय पहले कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के जिल्ला पर गांव निवासी भगवान दीन सोनकर की पुत्री सपना के साथ प्रेम विवाह किया था रवि डीसीएम चालक था और वह अक्सर अपने ससुराल में आकर रहता था लेकिन सोमवार की रात में उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है रवि की मौत के बाद उसके ससुराल वाले उसक शव का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे तभी रवि के परिजन आ गए और उन्होंने उनसे मौत का कारण पूछ लिया तो विवाद शुरू हो गया,मृतक रवि के परिजन ने पुलिस को इसकी सूचना दी,सूचना पर पहुंची कोखराज थाना क्षेत्र की सिंघिया चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अंतिम संस्कार को जा रहे ससुराली जनों के बीच युवक के परिजनों के आने के बाद इस मामले में मृतक रवि सोनकर की पत्नी सपना ने भी पुलिस को घटना की सूचना देते हुए बताया कि उसके पति सोमवार की रात में डीसीएम से आए थे और परसरा पेट्रोल पंप के पास रुके थे,तभी वहा से फोन आया कि उनकी तबियत खराब हो गई है, हम लोग जल्दी से वहा पहुंचे और उनको मंझनपुर अस्पताल ले गए जहा से उन्हे प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया उन्हें अस्पताल लेकर प्रयागराज पहुंचे तो डॉक्टर ने उन्हें देखा और मृत घोषित कर दिया। इस मामले में कोखराज थाना प्रभारी विनोद मौर्य का कहना है कि रवि सोनकर की पत्नी ने सूचना दी है कि उनके पति की तबियत खराब हो गई थी जिन्हे अस्पताल ले जाया गया जहा डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।उनका शव घर लाया गया है,सूचना पर सिंघिया चौकी पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जो भी साक्ष्य उपलब्ध होता है उसके आधार पर कार्यवाई की जायेगी।

युवक के परिजनों को सूचना दिए बगैर ससुराली जन करने जा रहे थे अंतिम संस्कार



# दूसरे चरण के चुनाव के लिए पुलिस कर्मी रवाना

**नगर निकाय चुनाव : सीओ सिराथू ने पुलिस कर्मियों को किया ब्रीफ, झंडी दिखाकर बस को किया रवाना**



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नगर निकाय के दूसरे चरण के चुनाव के लिए क्षेत्राधिकारी सिराथू ने पुलिस कर्मियों की बस को हरी झंडी दिखा कर पुलिस कर्मियों को रवाना किया है यूपी में 11 मई को होने वाले नगर निकाय के दूसरे चरण के चुनाव के लिए सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों को निकाय चुनाव के संबंध में ब्रीफ किया ।सीओ ने सभी पुलिसकर्मियों को निकाय चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया। पुलिस कर्मियों को निकाय चुनाव के संबंध में ब्रीफ करने के बाद सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने उन्हें बस में बैठा कर हरी झंडी दिखाकर पूरे फोर्स को चित्रकूट के लिए रवाना किया।

### मतगणना कार्मिकों का प्रथम रैण्डमाइजेशन किया गया

**कौशाम्बी।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुजीत कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की उपस्थिति में एन0आई0सी0 में मतगणना कार्मिकों का प्रथम रैण्डमाइजेशन किया गया। बतादें कि जनपद में 192 टेबलों पर सभी नगर निकायों की मतगणना की जायेंगी। नगर पालिका मंझनपुर के अध्यक्ष पद की मतगणना 14 टेबल एवं सदस्य पद की मतगणना 14 टेबल पर की जायेंगी। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद भरवारी के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 14-14 टेबल पर की जायेंगी। नगर पंचायत चायल के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 05-05 टेबल, नगर पंचायत सराय अकिल के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 10-10 टेबल, नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 09-09 टेबल, नगर पंचायत करारी के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 10-10 टेबल, नगर पंचायत पूरब-पश्चिम शरीरा के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 10-10 टेबल, नगर पंचायत अझुवा के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 07-07 टेबल, नगर पंचायत सिराथू के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 07-07 टेबल तथा नगर पंचायत दारानगर-कड़ाधाम के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 10-10 टेबल पर की जायेंगी मतगणना में कुल 1170 कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गयी है। मतगणना कार्मिकों को दिनांक 10 मई 2023 को नवीन मण्डी समिति, ओसा में 02 पालियों-प्रथम पाली-पूर्वान्ह 10 बजे से 12 तक तथा द्वितीय पाली 02 बजे से 04 बजे तक प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# संपत्ति में नाम दर्ज कराने के लिए अधिकारियों का चक्कर काट रहा बेटा

अखंड भारत संदेश

**बेनीराम कटरा कौशाम्बी।** पिता की मौत हो जाने के बाद उनकी संपत्ति में नाम दर्ज कराने के लिए बेटा अधिकारियों का चक्कर काट रहा है संपत्ति के बारासत कराने के लिए दौड़ रहे बेटे की मुलाकात तहसील के लेखपाल से हो गई उसने कहा कि उसे रकम दे दो उसके पिता की संपत्ति का वरासत कर उसका नाम दर्ज कर दिया जाएगा लेखपाल की बातों में आकर 8 महीने पहले बेटे ने लेखपाल को रकम दे दी लेकिन उसके बाद भी पिता की संपत्ति का वरासत नहीं हो सका है। चायल तहसील क्षेत्र के आइमा पुर के बृजेश कुमार का कहना है कि उसके पिता गुलाबचंद की मौत हो चुकी है और पिता की मौत के बाद वह पिता की संपत्ति का वरासत कराने के लिए परेशान है शिकायतकर्ता बृजेश कुमार ने लेखपाल पर आरोप लगाया कि उसके पिता की संपत्ति का वरासत करने के नाम पर लेखपाल ने आठ महीने पहले चार हजार रुपए की रकम ले ली लेकिन रकम लेने के बाद भी उसके पिता की संपत्ति में उसका नाम वारिस के स्थान पर नहीं दर्ज हुआ है उसका कहना है कि उसने पैसा देने के बाद कई बार लेखपाल से बारासत करने के लिए कहा लेकिन लेखपाल लगातार वरासत करने में बहानेबाजी कर रहा है शिकायतकर्ता का कहना है कि लेखपाल उसे वापस रकम भी नहीं दे रहा है और उसके पिता की संपत्ति का वरासत भी नहीं कर रहा है पीड़ित ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पिता की जमीन का वरासत कराए जाने की मांग के साथ-साथ घूसखोर लेखपाल पर कार्यवाही की मांग की है की है।

**घूस की रकम लेने के बाद भी लेखपाल ने नहीं कराई वरासत**

### मारपीट कर विवाहिता को किया बेघर

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मोहनापुर गांव निवासी रामकिशोर पुत्र दुज्जा ने अपनी पुत्री सूर्या देवी का विवाह लगभग 1 वर्ष पहले रूपचंद्र सरोज पुत्र फूलचंद निवासी रूपनारायणपुर सैलावी थाना कोखराज के साथ हिंदू रीति रिवाज से दान दहेज देकर शादी किया था शादी के बाद से ही भुक्तभोगी के पुत्री को रूपचंद्र पति वा फूलचंद्र पुत्र सुमिरे ससुर फूलमती पत्नी फूलचंद सास और नगीना देवी रीना देवी सकीना देवी पुत्री गण फूलचंद ननद ने कम दहेज की बात को लेकर आए दिन भुक्तभोगी की बेटी को प्रताड़ित करते रहे और पैसा वा जमीन मांगने लगे रविवार के दिन उपरोक्त सभी आरोपी गणों ने भुक्तभोगी के पुत्री को कमरा में बंद कर पंखा बिजली खोलकर लात घूसो से मारपीट दिया और जान से मारने की कोशिश को सूचना मिली तो भुक्तभोगी ने रूपनारायणपुर सैलावी गांव जाकर अपनी पुत्री को अपने साथ लेकर अपने गांव मोहनापुर चला आया और अपनी पुत्री को लेकर कोखराज थाने में आरोपियों के विरुद्ध लिखित तहरीर दी लिखित तहरीर पाकर कोखराज पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

# न्यायालय के आदेश पर हरकत में आई पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मखऊपुर गांव निवासी राकेश कुमार दिवाकर पुत्र राम लखन के गांव में वर्तमान में चकबंदी का कार्य चल रहा है जिसमें भुक्तभोगी चकबंदी का सदस्य है भुक्तभोगी के गांव के ही सुरेश कुमार उर्फ सौरभ पुत्र दुर्गा प्रसाद आराजी संख्या 193 रकवा 0.2 15 बंदोबस्त खतौनी में चारागाह दर्ज है जिस पर सुरेश कुमार उर्फ सौरभ अवैध तरीके से जबरन गुंडई व दबंगई के बल पर कब्जा कर नवनिर्माण कर रहा है भुक्तभोगी ने विरोध किया तो सुरेश कुमार की पत्नी सविता देवी ने भुकतभोगी को बुरी बुरी गालियां देने लगी और जान से मारने की धमकी दिया भुक्तभोगी डर कर घर से भाग आया और भुक्तभोगी के घर पहुंचते ही विपक्षी सुरेश कुमार ने अपने अन्य कई साथियों के साथ जिसमें दुर्गा प्रसाद पुत्र राम प्रसाद व सनी राज वर्मा पुत्र सतनारायण व मंगल सिंह पुत्र दुर्गा प्रसाद और आठ से 10 अज्ञात व्यक्तियों के साथ भुक्तभोगी के घर पर चढ़ कर लाठी डंडा से लैस होकर दरवाजे पर एक राय होकर चढ़ाएं और भुक्तभोगी को मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देने लगे भुकतभोगी ने गाली गलौज का विरोध किया तो सभी विपक्षी गण भुक्तभोगी के घर में घुसकर भुक्तभोगी को जमीन पर पटक कर लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे घर की महिलाओं ने शोर सुनकर बीच-बचाव करने आई तो आरोपियों ने महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें करते हुए अभद्रता करने लगे शोरगुल सुनकर भुक्तभोगी के गांवों मोहल्ले के संभ्रांत लोगों ने दौड़कर आए और बीच-बचाव किया तब जाकर किसी प्रकार से भुक्तभोगी की जान बच सकी आरोपी गण दबंग वा गिरोह बंद और भूमाफिया किस्म के व्यक्ति हैं उक्त मारपीट के दौरान भुक्तभोगी के गले से सोने की चैन छीन लिए तथा धमकी दी है कि यदि कहीं शिकायत किया तो जान से मार डालेंगे। भुक्तभोगी ने पिपरी थाने में आरोपियों के विरुद्ध लिखित तहरीर दी लेकिन पिपरी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की भुक्तभोगी ने पुलिस अधीक्षक कौशांबी से शिकायत की फिर भी किसी प्रकार की कार्रवाई आरोपियों पर नहीं हो सकी भुक्तभोगी ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तो न्यायालय के आदेश पर हरकत में आई पिपरी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार करने में नाकाम रही।

### दूसरे को समझाने वाले बैंक कर्मी जालसाजों के चक्कर में फंसे

**कौशांबी।** कहा जाता है कि बैंक कर्मी वही व्यक्ति होता है जो सांफ स्वच्छ और ईमानदार हो और अपने कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए दूसरे के वित्त की रक्षा करते हुए और जालसाजों के द्वारा धोखाधड़ी किए जाने के संबंध में ग्राहकों को समझाने में मास्टरमाइंड होते हैं इसके बावजूद भी बैंक कर्मी ने एक नया खुलासा किया है सबसे मजे की बात तो यह है कि बैंक कर्मी सदैव ग्राहकों को यही समझाते हैं कि किसी का फोन आए तो अपना आधार नंबर खाता नंबर न बताएं और ओटीपी का साझा किसी तरह से साझा ना करें दूसरे को समझाने वाले बैंक कर्मी स्वयं जालसाजों के मकड़जाल में फंस गए ताजा मामला मंझनपुर थाना क्षेत्र के पीएनबी बैंक सिराथू में कार्यरत राघवेंद्र द्विवेदी पुत्र लवलेश प्रसाद द्विवेदी का है उनके फोन पर 27 मार्च 2023 को फोन नंबर से कॉल आई और कहा कि आप जिन डॉक्टर के कंसल्ट के लिए बात कर रहे थे वो अमेरिका से आ रहे हैं और उनके पास डेढ़ लाख यूएस डॉलर है उसे भारतीय मुद्रा में कन्वर्ट करने के लिए आपको 55000 सुमित कुमार सिंह के अकाउंट नंबर 6754 0201 000 5050 आईएफएससी कोड यूबीआई एन0567540 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में तथा 136700 और 274000 रुपया संजय अकाउंट नंबर 74 4457 1037 आईएफएससी कोड आईडीबीआई 000 जी 667 इंडियन बैंक के खाते में जमा कर दीजिए भुक्तभोगी ने यह रुपया उनके द्वारा बताए गए खातों में जमा कर दिया उसके बाद उपरोक्त नंबर बंद हो गए भुक्तभोगी का खाता नंबर 091300 04007 46802 पीएनबी सिराथू से ट्रांसफर कर दिया आरोपियों का फोन बंद हो जाने से किसी प्रकार से बात ना हो पाने के कारण भुक्तभोगी परेशान हो गया भुक्तभोगी ने पुलिस अधीक्षक को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मंझनपुर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी के तहत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

### पुलिस भर्ती में अभियुक्त ने किया हेर फेर

**कौशांबी।** 18 वी वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस गृह मंत्रालय भारत सरकार कठौला गौसपुर पो0ओ0 बमरौली जनपद प्रयागराज ने दिनांक 8/5 /2023 को सेवा में सीआरपीएफ की सी/जीडी 2022 की भर्ती की पी0ई0टी0/पी एसटी भर्ती प्रक्रिया के दौरान पीठासीन अधिकारी अजीत कुमार पेगू द्वितीय कमान जीडी 18वीं वाहिनी भा 0ती ति0सी0 पुलिस बल प्रयागराज भर्ती हेतु तैनात है के द्वारा यह पाया गया कि अभ्यार्थी अनुक्रमांक 30 13000 490 सूर्यभान पटेल पुत्र श्री दारा सिंह पटेल निवासी गांव बरही का पूरा आत्माराम पुर उर्फ नवाबगंज प्रयागराज के कागजात एवं बायोमेट्रिक सत्यापन के स्थान पर किसी अन्य बहुरूपिया व्यक्ति द्वारा कंप्यूटर बेस्ड एग्जाम दिया गया जबकि पीईटी /पीएसटी के लिए वास्तविक अभ्यार्थी सूर्यभान पटेल उपस्थित हुआ वर्तमान में व्यक्ति विशेष को भर्ती बोर्ड द्वारा 8वीं वाहिनी भा0ति0सी0 पुलिस बल कैंप परिसर में रोक दिया गया अजीत कुमार पेगू द्वितीय कमान जीडी पीठासीन अधिकारी द्वारा इस संबंध में नियमानुसार स्थानी थाने में व्यक्ति विशेष के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करने हेतु आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न कर अनुरोध पत्र प्राप्त किया है जिसे आपेक्षित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया है और अजीत कुमार पेगू द्वितीय कमान जीडी पीठासीन अधिकारी के द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध पिपरी थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है।

जन संपादकीय

# कर्नाटक चुनाव की भूमिका

**कर्नाटक** में विधानसभा चुनाव काफी दिलचस्प होने जा रहे हैं, इन चुनावों के परिणामों का असर कांग्रेस की भावी स्थितियों के साथ राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों पर भी पडेगा। इन चुनावों से विपक्षी एकता की प्रक्रिया में कांग्रेस की भूमिका भी तय होने की दिशाएं सामने आयेंगी। इस लिहाज से कर्नाटक चुनाव महत्त्वपूर्ण होने के साथ भविष्य की भारतीय राजनीति की दिशाओं को मोड़ देगी। कांग्रेस ने इन चुनावों से काफी उम्मीदें लगा रखी है, वहीं भाजपा की ओर से हर बार की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही जोरदार एवं धारदार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस ने बजरंगबल पर बैन लगाने की बात अपने घोषणा पत्र में करके जीत की ओर बढ़ते अपने कदमों पर विराम ही लगाया है। क्योंकि भाजपा इसे हिन्दू भावनाओं के मान-सम्मान से जोड़ रही है, देश में बह रही हिन्दूवादी लहर के दौर में निश्चित ही इसके नकारात्मक असर देखने को मिलेंगे। हर तरह की चहलकदमी के बावजूद यह चुनाव भी मुद्दों से भटकता हुआ दिखाई दे रहा है। कर्नाटक में मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, विधानसभा चुनाव मुद्दों से भटक कर धार्मिक भावनाओं पर केंद्रित होता दिख रहा है। मुफ्त रेवड़ियों के चुनावी वादे दक्षिण की पुरानी परंपरा है, लेकिन अब शिव के गले के सांप और बजरंगबली भी चुनावी मुद्दा बन गए हैं। दक्षिण भारत में भाजपा का प्रवेश द्वार बने कर्नाटक को सामाजिक-आर्थिक रूप से बेहतर राज्यों में गिना जाता है, पर कटु सत्य यही है कि वहां की राजनीति जातीय बंधनों से मुक्त नहीं हो पाई है। राज्य में लिंगायत, वोक्कालिगा और कुरुबा - तीन बड़े समुदाय हैं। राजनीतिक दल इनके बीच अपनी वोट-राजनीति का सही गणित बैठा कर ही सत्ता की राह तलाशते रहे हैं। इस बार भी चुनावी परिदृश्य इसी गुणा-भाग से शुरू होता हुआ दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येडियुरप्पा के रूप में सबसे बड़े लिंगायत समुदाय के बड़े चेहरे भाजपा के पास हैं, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर और पूर्व उप मुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी के बगावत कर कांग्रेस में चले जाने से उसे झटका भी लगा है। कांग्रेस के पास पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के रूप में कुरुबा समुदाय तथा प्रदेश अध्यक्ष डी.के. शिव कुमार के रूप में वोक्कालिगा समुदाय के बड़े चेहरे पहले से हैं। ऐसे में माना जा सकता है कि शेट्टर और सावदी के पाला बदलने से उसे लाभ ही हुआ। इन जातिगत समीकरणों के बीच धार्मिक भावनाओं का असर भी अपना जादू दिखा दे तो कोई आश्चर्य नहीं।

कांग्रेस की स्थितियां मजबूत होने के बावजूद भाजपा कोई चमत्कार घटित कर दे, इससे भी इन्कार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस भले ही येडियुरप्पा और बोम्मई के नेतृत्व वाली भाजपा सरकारों के कामकाज को मुद्दा बनाये या जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरने उसके लिये अतिरिक्त मुद्दे हैं। लोक लुभावन वादों वाले भाजपाई घोषणापत्र के जवाब में वैसे ही या और आगे बढ़ते हुए कांग्रेसी वादे भी राजनीतिक रूप से समझ में आते हैं, पर पीएफआइ के साथ ही बजरंग दल पर प्रतिबंध के वादे ने तो भाजपा को मनवांछित मुद्दा उपलब्ध करा दिया है। पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जहरीला सांप बता कर अवांछित और अशोभनीय विवाद पैदा किया, तो अब बजरंग दल और पीएफआइ को एक ही श्रेणी में रख कर कांग्रेस ने चुनाव को असल मुद्दों से भटका कर भावनाओं में बह जाने या बहा लिए जाने का मौका खुद दे दिया है। बजरंग दल का मुद्दा प्रभावी होने वाला है, क्योंकि कर्नाटक की जनता का हनुमानजी के साथ भावनात्मक एवं धार्मिक जुड़ाव है, बजरंगबली की जन्मभूमि होने का गौरव इसी प्रांत को जाता है। भाजपा तो चाहती ही थी कि ये चुनाव धार्मिक मोड़ ले, बजरंगबली का मुद्दा उछाल कर कांग्रेस ने भाजपा के लिये सहुलियत ही की है। प्रश्न है कि कांग्रेस क्यों एक बार फिर भाजपा द्वारा तैयार चुनावी पिच पर खेलने को तैयार हो गई? बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का सपना देखने वाली कांग्रेस दरअसल अपने पूर्ण पतन का आह्वान कर रही है। बजरंग दल देशभक्त युवाओं का राष्ट्रवादी संगठन है, जो विपत्ति के समय जाति धर्म आदि नहीं देखता और देश के संकट को दूर करने में तन, मन व धन से सहयोग करता है। राजनीतिक दुराग्रह के कारण पीएफआई जैसे आतंकी संगठनों से इसकी तुलना करना जहां निंदनीय है, वही राजनीति अपरिपक्वता का परिचायक है। कांग्रेस अपनी बची-खुची इज्जत भी ऐसे पूर्वाग्रही कुविचारों के कारण गंवा रही है। यह विडंबना है कि कांग्रेस आतंकवाद की बुराई करने के बजाय राष्ट्रवादी संगठनों को निशाना बनाने की ताक में है। वह शायद बजरंग दल का इतिहास भूल रही है। राम जन्मभूमि आंदोलन में राज काज को सफल बनाने में इस राष्ट्रवादी संगठन की उल्लेखनीय भूमिका भला कौन नहीं जानता? कांग्रेस ने जब घोषणापत्र जारी किया तो उसमें मुफ्त की सौगातों के साथ इस एक वायदे ने सभी का ध्यान खींचा। लगता है, कांग्रेस जो दिवास्वप्न देख रही है इससे वह जितनी जल्दी बाहर निकल जाए, उतना ही उसके उन्नत राजनीतिक भविष्य के लिये बेहतर होगा। इन चुनावों का एक अन्य पहलू यह है कि दोनों तीखी टक्कर वाले दलों ने राष्ट्रीय मुद्दों को भी पर्याप्त तवज्जो दी है। बीजेपी ने सीधे तौर पर राम मंदिर की बात भले न की हो, लेकिन समान नागरिक संहिता और एनआरसी लागू करने का वादा जरूर किया है। गौर करने की बात यह है कि कांग्रेस भी इन कथित राष्ट्रीय मुद्दों पर खासी आक्रामक नजर आ रही है। उसने अपने घोषणापत्र में हेटस्पीच के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की बात कही है। हालांकि पीएफआई पर केंद्र सरकार पांच साल का बैन पहले ही लगा चुकी है। यही नहीं, चार फीसदी मुस्लिम आरक्षण खत्म करने की बीजेपी की घोषणा के जवाब में इसे बहाल करने की बात भी उसने कही है। पिछले कुछ समय से कथित तौर पर विभाजित करने वाले मुद्दों पर कांग्रेस के नरम रवैये में यह एक दिलचस्प बदलाव है। इन तमाम वादों के बीच सवाल सिर्फ यह नहीं कि किसका वादा कितना लुभावना है, देखने वाली बात यह भी होगी कि किसके वादों को मतदाता कितना भरोसेमंद मानते हैं।

# कुर्सी की दावेदारी में गहलोत की राजनीतिक जादूगरी

ललित गर्ग

**राजनीतिक** दांवपेच में महारथ हासिल अशोक गहलोत ने धौलपुर की एक सभा में अपनी राजनीतिक जादूगरी का करिश्मा दिखाते हुए न केवल सचिन पायलेट को पटकनी दी है बल्कि वसुंधरा राजे सिंधिया की प्रशंसा करते हुए उन्हें भी चीत कर दिया है। अपने एक ही तीर से उन्होंने राजस्थान की भावी राजनीति की फिजां बदलते हुए न केवल अपने प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलेट के राजनीति जीवन पर अंधेरा बिखेर दिया है, बल्कि राजस्थान की दूसरी कद्दावर नेता वसुंधरा के आगामी विधानसभा चुनाव में नेतृत्व को धुंधला दिया है, इस तरह करिश्माई नेता गहलोत ने आगामी विधानसभा में अपने लिये रास्ता निष्कंटक बना लिया है। कांग्रेस के सबसे बड़े रणनीतिकार माने जाने वाले अशोक गहलोत ने सचिन पायलट का राजस्थान का मुख्यमंत्री बनने का सपना ही नहीं तोडा. है बल्कि कांग्रेस आलकमान को उनकी पार्टी निष्ठा पर सोचने को मजबूर कर दिया है। अशोक गहलोत राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। वे पायलेट को मुख्यमंत्री बनने से रोकने एवं आगामी चुनाव में अपनी जीत को सुनिश्चित करने के लिये कुछ भी कर सकते हैं कि संभावनाओं को उन्होंने आखिर अंजाम दे ही दिया। कुछ साल पहले एक इंटरव्यू में अशोक गहलोत ने कहा था, ह्यअगर मैंने कभी राजनीति में एंट्री नहीं की होती तो मैं जादूगर होता। मुझे हमेशा सामाजिक कार्य और जादू के गुर सीखना पसंद था। भविष्य में मुझे जादूगर बनने का मौका नहीं मिल सकता है, लेकिन जादू अभी भी मेरी आत्मा में है। इस प्रकार उन्हें अक्सर कांग्रेस के हलकों में ह्यजादूगरह्न कहा जाता है और इसी जादूगरी से उन्होंने अनेक बार राजनीति के चाणक्य होने का उदाहरण प्रस्तुत किया है।



गहलोत ने रविवार को दावा किया कि 2020 में जब पायलेट के द्वारा उनकी सरकार को गिराने की साजिश हुई, तब पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता वसुंधरा राजे ने उनका साथ दिया था। उनकी मदद की बदौलत ही वह साजिश नाकाम की जा सकी थी। गहलोत के मुताबिक, तब सरकार गिराने के लिए कांग्रेस विधायकों के बीच पैसे भी बांटे गए थे। चूंकि सरकार गिराई नहीं जा सकी, इसलिए उन्होंने अपने विधायकों से कहा कि वे पैसे वापस कर दें, लेकिन ह्यजिन्होंने पैसे दिए वे, पता नहीं क्यों वापस ले ही नहीं रहे ह्न इस पूरे मामले पर गौर करें तो कई गंभीर सवाल उभरते हैं। अव्वल तो गहलोत ने जो बात नहीं कही, वह यह कि सरकार गिराने की उस कथित साजिश में प्रत्यक्ष भूमिका सचिन पायलट की थी, जो उनकी अपनी पार्टी के हैं। दूसरी बात यह कि अगर खुद गहलोत के कहे मुताबिक उनकी अपनी पार्टी के विधायकों ने पैसे स्वीकार किए तो बतौर मुख्यमंत्री उनका दायित्व बनता था और बनता है कि उन विधायकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत क्यों नहीं दर्ज कराई गयी। जबकि यह सामान्य-सी बात है कि कानूनन रिश्वत देना और लेना दोनों अपराध है। भाजपा ने ऐसी मांग भी की है। लेकिन इन कानूनी पहलुओं से अलग शुद्ध राजनीतिक नजरिए से देखा जाए तो संसदीय लोकतंत्र में विभिन्न पार्टियों के बीच की रस्साकशी कई बार किस तरह के नाटकीय दृश्य उपस्थित कर देती है, उसका यह एक दिलचस्प उदाहरण है। सभी राजनीतिक मूल्यों एवं नैतिकता को किनारे करते हुए गहलोत ने उस घटना का अभी प्रकटीकरण करके आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी दावेदारी को पुष्ट किया है।

राजनीति को लेकर ढेरों मुहावरे बन चुके हैं- राजनीति बदमाशों की अंतिम शरणस्थली है, राजनीति में नीति जैसी किसी स्थिति की कोई जगह नहीं है, प्यार, युद्ध और राजनीति में सब कुछ जायज है, राजनीति में कोई स्थायी मित्र या कोई स्थायी शत्रु नहीं होता, राजनीति अवसर भुनाने की कला है, राजनीति असंभव को साधने की कला है, आदि-आदि। और यह एक रोचक स्थिति है कि राजस्थान ने इन और ऐसे सारे मुहावरों की हकीकत की बानगी किसी न किसी रूप में देख ली है। प्रांत में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार बनती है या नहीं, यह आगामी विधानसभा चुनाव के नतीजों से ही पता चलेगा, लेकिन उससे पूर्व जिस तरह के राजनीतिक समीकरण बन-बिगड़ रहे हैं, जिस तरह की बयानबाजी हो रही है, जिस तरह के दांवपेच सामने आ रहे हैं, उस सबसे हमारी राजनीति का अवसरवादी चेहरा जरूर अलग-अलग रूपों में सामने आ रहा है। ऐसा नहीं कि पहले हमारी राजनीति के विरोधाभासी समीकरण कभी सामने नहीं आए, लेकिन जिस रूप में सामने आ रहे हैं, वह अपने आप में हमारी राजनीति को परिभाषित कर रहे हैं।

राजनीति में झूठ को इतनी खूबसूरती से कहा जाता है कि वह सच लगने लगता है, अरविन्द केजरीवाल आजकल ऐसे झूठ को दिनरात विभिन्न मंचों से प्रस्तुत करने में लगे हैं, क्या गहलोत भी ऐसा ही कर रहे हैं। उन्होंने अपने ही दल के नेता पर जो भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी का आरोप लगाया है, हालांकि ऐसे मामलों की अंतिम सचाई कभी सामने नहीं आती। इस मामले में भी किसकी बातों में कितनी सचाई है यह पता करना करीब-करीब नामुमकिन है। वसुंधरा राजे ने मुख्यमंत्री गहलोत की बातों को सफेद झूठ कह भी दिया है। लेकिन यह तो सच है कि जब सचिन पायलट अपने करीबी विधायकों के साथ हरियाणा जाकर बैठ गए थे और कांग्रेस विधायकों में अफरातफरी का माहौल बनने लगा था, तभी कुछ समय में माहौल शांत होने लगा, कांग्रेस के विधायक गहलोत के समर्थन में आने लगे और यह स्पष्ट हो गया कि पायलट गहलोत की सरकार गिराने की स्थिति में नहीं रह गए हैं। उस समय भी मीडिया में सूत्रों के हवाले से ये खबरें आई थीं कि परदे के पीछे गहलोत को वसुंधरा राजे का समर्थन मिल चुका है। उसके बाद यह परिदृश्य बना कि कांग्रेसी विधायकों का एक धड़ा समर्थन वापस ले ले तो भी गहलोत की सरकार गिरने की नौबत आना मुश्किल है क्योंकि दूसरी तरफ से उसकी भरपाई हो सकती है। स्वाभाविक ही उसके बाद कांग्रेस विधायकों में बगावत का जोश ठंडा पड़ गया। राजनीति में ऐसे दांव-पेच नये नहीं। लेकिन दिलचस्प है कि एक समय जिनकी मदद से सरकार बची, दूसरे समय उन्हीं को अपने राजनीतिक लाभ के लिये प्रस्तुत करने में गहलोत नहीं हिचक रहे और जिन लोगों ने कथित तौर पर मदद की, वे धन्यवाद स्वीकार करने तक में न केवल घबरा रहे हैं बल्कि सराहना का जवाब आक्रामक आरोपों से दे रहे हैं। सचमुच राजनीति एक अजीब खेल है, एक सतरंज का मैदान है। गहलोत ने वसुंधरा की प्रशंसा किसी कृतज्ञ-भावना से नहीं की है, बल्कि भाजपा का भावी मुख्यमंत्री उम्मीदवार कम-से-कम वसुधरा न हो, इस कुटिल कुचेष्टा से की है।

गहलोत का धौलपुर सन्देश या उद्बोधन राजस्थान की जनता के नाम खुला आह्वान कहा जा सकता है जिसमें उन्होंने शिखर राजनीति के दांव-पेंचों को जनता की अदालत में विमर्श के लिये पेश कर दिया है। सवाल यह भी है कि गहलोत ने इस किस्से का जिक्र अभी क्यों किया जबकि एक तरफ कर्नाटक चुनावों में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई और वहां के चुनावों में कांग्रेस नेताओं ने धन-बल के बूते पर 2018 में बनी जनता दल (स) व कांग्रेस की साझा सरकार को डेढ़ साल बाद ही धन-बल के बूते पर तोड़ने का आरोप अपने चुनावी विमर्श में शामिल किया हुआ है और दूसरी तरफ राजस्थान में ही पिछले लगभग डेढ़ महीने से सचिन पायलट यह मांग कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री को अपने से पहले सत्ता में रही वसुंधरा राजे सरकार के भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करनी चाहिए। इस ताजा उद्बोधन के माध्यम से श्री गहलोत राज्य की जनता को बड़ी चतुराई के साथ सावधान कर रहे हैं कि सचिन पायलट द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ चलायी जा रही मुहीम अनैतिक तरीकों को वैधता प्रदान के लिए हैं वही वसुंधरा राजे के कथित भ्रष्टाचार की जांच करने की मांग के पीछे पायलट का उद्देश्य उनसे बदला लेने का ही है। देखना है राजस्थान की जनता अपने भावी राजनीतिक नेतृत्व को लेकर क्या सोच बनाती है। वह खुद को भरमाने एवं गुमराह होने से कितना बचा पाती है। मतदाता हर बार ठगा जाता है। कहने को चुनाव लोकतंत्र का महाकुंभ होता है, लेकिन इसी महाकुंभ में सर्वाधिक लोकतंत्र के हनन की घटनाएं होती है, जो चिन्ता का कारण बननी चाहिए।

# वैश्विक चिंतनीय अर्थव्यवस्था बनाम भारतीय सुदृढ़ अर्थव्यवस्था

किशन भावनानी

**ऐसे में ये बजट घाटे पर विवाद बाइडेन की पार्टी को नुकसान पहुंचा सकता है। रिपब्लिकन लगातार अर्थव्यवस्था पर डेमोक्रेट्स को घेर रहे हैं। साथियों समान्य तौर पर देखें तो यह दुनिया का सबसे ताकतवर और अमीर देश है, लेकिन कर्ज के डेटा को देखें तो वहां जीडीपी की तुलना में कर्ज सबसे ज्यादा है। बीबीसी रिपोर्ट में इसबात का जिक्र है कि बीते साल वहां काजीडीपी 21.44 ट्रिलयन डॉलर का था, लेकिन अमेरिका पर कर्ज 27 ट्रिलियन डॉलर का था। अमेरिका के कुल 32 करोड़ आबादी पर इस कर्ज को बांट दिया जाए तो करीब 17 लाख रुपए (23500 डॉलर) हर व्यक्ति पर यह कर्ज होता है।**

**वैश्विक** स्तरपर दुनिया के विकसित बलवंत और लीडर देशों की अर्थव्यवस्था के हाल वर्तमान वर्षों में कुछ ठीक नहीं चल रहे हैं? जैस कि प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित टीवी चैनलों पर अनेक देशों में महंगाई, हर व्यक्ति पर इतने लाख रुपए का कर्ज और जीडीपी की तुलना में कर्ज सबसे अधिक है, जैसे एक लीडर विकसित देश का जीडीपी 21.44 ट्रिलियन डॉलर का था, परंतु उस पर कर्ज 27 ट्रिलियन डॉलर का था उसी तरह एक दूसरे विकसित देश जिसने भारत पर सैकड़ों वर्ष राज किया था, वहां महंगाई का हाल पिछले 40 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ रहा है ठीक उसी तरह हमारे पड़ोसी मुल्कों की तो बात बताना या लिखना उचित नहीं है। परंतु जिस तरह भारत ने बजट 2023 में विकास योजनाओं और विजन 2047 को पटरी बनाकर योजनाओं रूपी गाड़ी को दौड़ाया जा रहा है बजट एलोकेशन क्रियान्वयन किए जा रहे हैं, वह रेखांकित करने योग्य है। अभी दो दिन पूर्व ही माननीय केंद्रीय मंत्री ने भारत में मंदी की जीरो संभावना व्यक्त की थी जो इसके पूर्व एक रेटिंग एजेंसी ने भी भारत का वैश्विक मंदी में जीरो रैंकिंग किया है, जिसकी चर्चा हम पिछले आर्टिकल में कर चुके हैं। चूंकि दिनांक 8 मई 2023 को देश में वित्तीय स्थिति और विकास परिषद (एफएसडीसी) की 27 वीं बैठक वित्तमंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई और वित्तीय प्रणाली के सुरक्षित मजबूत और रेगुलेटेड पर मोहर लगाई गई,इसीलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी टीवी चैनलों पर बताई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे, वैश्विक चिंतनीय अर्थव्यस्था बनाम भारतीय सुदृढ अर्थव्यवस्था।

साथियों बात अगर हम दिनांक 8 मई 2023 को देर शाम संपन्न हुई 27 वीं एफएसडीसी बैठक की करें तो आर्थिक मामलों के सचिव नें कहा कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक वित्तीय स्थिति के बावजूद देश की वित्तीय व्यवस्था पूरी तरह से सुरक्षित, मजबूत और नियमन के दायरे में है।(एफएसडीसी) बैठक के नतीजोंके बारे मेंसंवाददाताओं को जानकारी देते हुए टीवी चैनल पर कहते दिखाया,देश की वित्तीय व्यवस्था पूरी तरह से सुरक्षित, मजबूत और नियमन के दायरे में है। लेकिन जैसे ही शुरूआती चेतावनी के संकेत दिखाई दें, हमें उसके लिये सतर्क रहने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि कुछ संकेतक हैं,जो शुरूआती चेतावनी देते हैं ताकि समय पर दबाव को बेहतर तरीके से देखा और समझा जा सके तथा उसे दूर करने के लिये तुरंतसुधारात्मक उपाय किये जाएं।यह पूछे जाने पर कि क्या सिलिकॉन वैली बैंक औरसिग्नेचर बैंक के विफल होने तथा क्रेडिट सुइस में नकदी दबाव के देश की वित्तीय प्रणाली पर प्रभाव को लेकर बैठक में चर्चा हुई, उन्होंने कहा कि यह मुद्दा स्पष्ट तौर पर नहीं आया, लेकिन वैश्विक वित्तीय संकट का असर नहीं है। सरकारी प्रतिभूति बाजार के बारे में उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ इसे सहज और सुलभ बनाने का प्रयास है। निवेशक चाहे रिजर्व बैंक के बुनियादी ढांचे के माध्यम से आते हैं या फिर सेबी के बुनियादी ढांचे के मार्ग से, आज प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ यह संभव है। जबकि पहले यह संभव नहीं था।उन्होंने यह भी कहा कि परिषद ने अर्थव्यवस्था के लिए शुरूआती चेतावनी संकेतकों और उनसे निपटने को लेकर हमारी तैयारियों पर भी विचार विमर्श किया। इसके अलावा, नियामकीय गुणवत्ता में सुधार कर वित्तीय क्षेत्र में विनियमित संस्थाओं पर अनुपालन बोझ को कम करने,देश में कंपनियों और परिवारों के मामले में ऋण स्तर, डिजिटल इंडिया की जरूरतों को पूरा करने के लिये केवाईसी (अपने ग्राहक को जानों) को सरल और सुव्यवस्थित करने पर भी चर्चा की गयी।इसके अलावा, सरकारी प्रतिभूतियों को लेकर खुदरा निवेशकों के लिये चीजों को सुगम बनाना, बीमाकृत भारत यानी देश में बीमा को अंतिम छोर तक पहुंचाने समेत अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई।परिषद ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर की अध्यक्षता में एफएसडीसी उप-समिति के कार्यों तथा परिषद के पूर्व फैसलों के क्रियान्वयन पर भी गौर किया गया।

साथियों बात अगर हम विश्व लीडर माने जाने वाले एक विकसित देश की अर्थव्यवस्था की करें तो कहा जा रहा है कि वहां के वित्तमंत्री ने चेतावनी दी है कि कर्ज की सीमा नहीं बढ़ी, तो बिल नहीं भर पाएंगे, सरकार 1 जून तक डिफाल्टर हो सकती है इसका मतलब यह है कि सरकार ने अपने खर्चा करने की सीमा को पार कर लिया है, अब उनके पास बिल का भुगतान और कर्ज चुकाने के लिए पैसे नहीं बचे हैं और इसलिए ट्रेजरी सेक्रेटरी ने कहा है 1 जून 2023 तक सरकार को देश चलाने के लिए पैसे खत्म हो जाएंगे सरकार कैशलेस हो जाएगी। साथियों बात अगर हम 5 मई 2023 को वहां के राष्ट्रपति के बयान की करें तो उन्होंने कहा कि वह अभी तक 14 वें संशोधन को लागू करने के लिए तैयार नहीं थे ताकि संयुक्त राज्य अमेरिका 1 जून की शुरूआत में अपने ऋणों में चूक से बच सके, पहली बार टिप्पणी की गई कि उन्होंने विकल्प को खारिज नहीं किया है। संशोधन को लागू करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर एमएसएनबीसी के साथ एक साक्षात्कार में कहा,मैं अभी तक वहां नहीं पहुंचा हूं। विभाजित अमेरिकी कांग्रेस के पास संघीय सरकार की 31.4 ट्रिलियन डॉलर ऋण सीमा को बढ़ाने के लिए समय समाप्त हो रहा है, ट्रेजरी विभाग ने चेतावनी दी है कि वह 1 जून तक अपने बिलों का भुगतान करने में असमर्थ हो सकती है। यदि कांग्रेस कार्य करने में विफल रहती है, तो कुछ कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि राष्ट्रपति के पास संकट को टालने का एक और विकल्प है, संयुक्त राज्य अमेरिका अपने बिलों का भुगतान करना जारी रख सकता है, यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिकी संविधान में 14वें संशोधन को लागू करें। राष्ट्रपति नें एजेंडा में 14 प्रतिशत की कटौती चाहते हैं। रिपब्लिकन अप्रैल में रिपब्लिकन पार्टी ने एक बिल पास किया था जिसमें ये प्रस्ताव रखा गया था कि अगर बाइडेन अपने हेल्थ, क्लाइमेट चेंज और सोशल प्रोग्राम जैसी योजनाओं में 14 प्रतिशत की कटौती करने को तैयार हैं तो वो कर्ज की सीमा को बढ़ा देंगे। हालांकि बाइडेन ये प्रस्ताव मानने को बिल्कुल तैयार नहीं हैं। अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में ये बजट घाटे पर विवाद बाइडेन की पार्टी को नुकसान पहुंचा सकता है। रिपब्लिकन लगातार अर्थव्यवस्था पर डेमोक्रेट्स को घेर रहे हैं। साथियों समान्य तौर पर देखें तो यह दुनिया का सबसे ताकतवर और अमीर देश है, लेकिन कर्ज के डेटा को देखें तो वहां जीडीपी की तुलना में कर्ज सबसे ज्यादा है। बीबीसी रिपोर्ट में इसबात का जिक्र है कि बीते साल वहां काजीडीपी 21.44 ट्रिलियन डॉलर का था, लेकिन अमेरिका पर कर्ज 27 ट्रिलियन डॉलर का था। अमेरिका के कुल 32 करोड़ आबादी पर इस कर्ज को बांट दिया जाए तो करीब 17 लाख रुपए (23500 डॉलर) हर व्यक्ति पर यह कर्ज होता है।

# भारत में इतने मिग-21 क्रैश क्यों?

डॉ सत्यवान सौरभ

**मिग-21** लड़ाकू जहाज, जिन्हें साठ के दशक में तत्कालीन सोवियत संघ (अब रूस) से खरीदा गया था। रूस इस फाइटर प्लेन को 1985 में रिटायर कर चुका है, लेकिन भारतीय सेना में आज भी इन जहाजों का इस्तेमाल हो रहा है। इस जहाज की खासियत रही है कि यह कभी धोखा नहीं देता, बशर्ते इसे पूरी सावधानी एवं सूझबूझ के साथ उड़ाया जाए। 1971 की लड़ाई में इस सुपरसोनिक जहाज की मार से दुश्मन कांप उठा था। ढाका के गवर्नर हाउस पर मिग-21 ने ही अटैक किया था। इसके अलावा पाकिस्तान के साथ 1965 और 1999 की लड़ाई में भी इस लड़ाकू जहाज खुद को साबित कर दिखाया था। अब इस जहाज के क्रैश होने की घटनाएं इतनी ज्यादा हो चली हैं कि इसे 'उड़ता ताबूत' और 'विधवा बनाने वाला' तक कहा जाने लगा है। हालांकि इसका अपग्रेडेशन का काम चल रहा है, ऐसे में क्या अगले दो तीन साल में इसे पूरी तरह से रिटायर कर दिया जाएगा। मिग-21 बाइसन विमानन इतिहास का पहला सुपरसोनिक जेट विमान है और दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाला फाइटर जेट भी है। जबकि यह 60 साल से अधिक पुराना है, मिग -21 अभी भी चार सक्रिय स्क्वाड्रनों के साथ भारतीय वायु सेना के साथ सेवा में है, और जेनरेशन 3 फाइटर जेट्स से मेल खाने के लिए अपडेट किया गया है। जेट वर्तमान में केवल इंटरसेप्टर के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं, लड़ाकू जेट के रूप में सीमित भूमिका के साथ और ज्यादातर प्रशिक्षण अभ्यास के लिए उपयोग किए जाते हैं। मिकोयान-गुरेविच मिग 21 एक सुपरसोनिक जेट लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान है, जिसे सोवियत संघ में मिकोयान-गुरेविच डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है। मिग सोवियत संघ का एक उत्पाद है जिसने 1959 में सेवा में प्रवेश किया था। चार महाद्वीपों पर लगभग 60 देशों ने मिग-21 को उड़ाया है, और यह अपनी पहली उड़ान के छह दशक बाद भी कई देशों की सेवा करता है। भारत ने 1963 में मिग-21 को शामिल किया और देश में विमान बनाने के लाइसेंस-निर्माण के लिए पूर्ण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और अधिकार प्राप्त किए। 1985 में रूस ने विमान का उत्पादन बंद कर दिया, जबकि भारत ने उन्नत रूपों का संचालन जारी रखा। सोवियत वायु सेना - जिसे विमान को डिजाइन करने का श्रेय दिया जाता है - ने इसे 1985 में सेवा से हटा दिया। तब तक, अमेरिका से लेकर वियतनाम तक के देशों ने विमान को अपनी वायु सेना में शामिल कर लिया था। 1985 के बाद बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने इसे सेवा से हटा दिया। भारत के लिए, विमान को 1960 के दशक में वायु सेना में शामिल किया गया था और 1990 के दशक के मध्य में उनकी सेवानिवृत्ति की अवधि पूरी हो गई थी। इसके बावजूद इनका उन्नयन किया जा रहा है। अक्टूबर 2014 में, वायु सेना प्रमुख ने कहा कि पुराने विमानों को सेवा से हटाने में देरी से भारत की सुरक्षा को खतरा है क्योंकि बेड़े के कुछ हिस्से पुराने थे। इसके अलावा, एक इंजन वाला विमान होने का मतलब है कि यह हमेशा खतरे में रहता है। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना तब बढ़ जाती है जब कोई पक्षी उससे टकराता है या इंजन फेल हो जाता है। इसे अक्सर 'फ्लाइंग कॉफिन' और 'विडो मेकर' कहा जाता है, क्योंकि इसने पिछले कुछ वर्षों में कई दुर्घटनाओं का सामना किया है, जिसमें कई पायलट मारे गए हैं। नए लड़ाकू विमानों को शामिल करना। देरी के कारण, भारतीय वायुसेना को भारत के आसमान की रक्षा के लिए एक निश्चित स्क्वाड्रन ताकत बनाए रखने की कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्वदेशी तेजस कार्यक्रम में देरी, राफेल सौदे के आसपास के राजनीतिक विवाद और धीमी गति वाली खरीद प्रक्रिया का मतलब है कि मिग को अंदर रखा जाना था। सामान्य से अधिक लंबी सेवा, अपनी सेवानिवृत्ति अवधि से परे - 1990 के दशक के मध्य में।

पिछले दस वर्षों में, 108 हवाई दुर्घटनाएं और नुकसान हुए हैं जिनमें सेना के सभी अंग शामिल हैं - भारतीय वायु सेना, नौसेना, सेना और तटरक्षक बल। इनमें से 21 दुर्घटनाओं में मिग-21 बाइसन और इसके वेरिएंट शामिल हैं, हालांकि भारतीय वायुसेना अब ज्यादातर पूर्व में उड़ती है।

# कर्नाटक 40 परसेन्ट वाली भाजपा बजरंग बली की शरण में

वर्षा भम्भाणी मिर्जा

**भाजपा** कर्नाटक को भी गुजरात मॉडल में बदलना चाहती थी। उन सभी पुराने नेताओं को बदल देने का मॉडल, जिनके खिलाफ असंतोष हो। गुजरात में ऐसे कई नेताओं को घर बैठाकर नए चेहरों को टिकट दिये गये। विपक्ष तो पहले ही भाजपा ने वहां खत्म कर दिया था, वे कहां जाते! वहां यह फामूर्ला चल गया लेकिन कर्नाटक में नहीं। कई बड़े नेता पार्टी छोड़ कांग्रेस में चले गए। कर्नाटक का चुनाव प्रचार शबाब पर है और शबाब पर हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैलियां, गालियां और मन की बातें। अगर आप आईपीएल क्रिकेट में खिलाडियों की बल्लेबाजी का हिसाब रख रहे हैं, तो राजनीति के मैदान पर भी एक मंजे हुए खिलाड़ी हैं जिनके शतक का हिसाब-किताब रखा जा रहा है। उनकी 'मन की बातों' का शतक लग चुका है और उन्हें मिलने वाली गालियों का भी पूरा होने वाला है। अब तक वे 91 गालियां खा चुके हैं। यानी शतक से नौ दूर। कर्नाटक चुनाव का घमासान सामने है और हिसाब-किताब रखने वालों को पूरी उम्मीद है कि शतक जड़ दिया जाएगा। कर्नाटक चुनाव के अधिकांश सर्वेक्षण जो कि जरूरत से ज्यादा ही आ रहे हैं, सभी या तो कांग्रेस का बहुमत बता रहे हैं या फिर कांटे की टक्कर। कर्नाटक बड़ा राज्य है जिसकी 224 सीटों पर एक साथ 10 मई को मतदान होना है और नतीजे 13 मई को आएंगे। अकेला राज्य है जहां इस समय चुनाव हो रहे हैं। पूरे देश का फोकस उस पर है लेकिन बीच-बीच में उसका पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र बिना चुनाव के ही बाजी मार लेता है। हार-जीत से अलग इस चुनाव को लोकतान्त्रिक प्रक्रिया और सियासी दलों की खिसियाहट के हवाले से भी देखा जाए तो बहुत कुछ समझा जा सकता है। भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान और हटाए गए दोनों मुख्यमंत्रियो ने अपने साक्षात्कारों में नफरत और विभाजनकारी नीतियों को खारिज किया है। दोनों को ये मुद्दे गैरजरूरी लगते हैं, तो भी देखा गया कि प्रचार के चरम पर आते-आते सियासत फिर धर्म का टेका लेने पहुंच जाती है। प्रधानमंत्री बोल गए कि पोलिंग बूथ में बटन दबाओ तो 'जय बजरंग बली' बोलकर कांग्रेस को सजा दे देना। आखिर यह मौका प्लेट में सजाकर उन्हें दिया किसने; और इससे भी बड़ा सवाल यह कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व क्या एकमात्र धर्म की नाव पर सवार होकर ही अपनी कश्ती को पार करना चाहता है जबकि स्थानीय नेतृत्व ऐसा नहीं चाहता

# कर्वी बस स्टाप को कर्वी में ही रहने दें: ओम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी व वार्ड 18 के सभासद के प्रत्याशी कन्हैयालाल वर्मा ने सूबे के मुख्यमंत्री सम्बोधित पत्र सांसद को सौंपा। पत्र में कहा कि कर्वी स्थित रोडवेज बस स्टैण्ड को अन्यत्र न भेजा जाये।

मंगलवार को उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी व वार्ड 18 सभासद के प्रत्याशी कन्हैयालाल वर्मा ने मुख्यमंत्री सम्बोधित पत्र सांसद आरके सिंह पटेल को सौंपा। पत्र में कहा कि चित्रकूट धार्मिक/ऐतिहासिक स्थल है। चित्रकूट जल्द ही हवाई सेवा से जुडने जा रहा है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे और रामवनपथ गमन जैसे प्रोजेक्ट विकसित होने की राह दिखा रहे हैं। कर्वी नगर स्थित बस स्टाप पचास साल से चल रहा है। पिछले कुछ दिनों से चर्चा है कि रोडवेज बस स्टैण्ड को यहां से खत्मकर अन्य जगह ले जाने की सम्भावना है। कर्वी नगर बस स्टैण्ड का संचालन पचास साल से नगर पालिका की किराये की भूमि पर किया जा रहा है। बांदा रोडवेज के तहत यहां से



गोरखपुर, बनारस, दिल्ली, अयोध्या, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ आदि स्थानों को बसें चलती हैं। पाठा क्षेत्र को अलग से बसें चलाई जा रही हैं। विभिन्न स्थानों से कर्वी आने वाले यात्री जिला मुख्यालय में लोगों को दिक्कतें होंगी। कर्वी से आने वाले यात्री को उल्टा चित्रकूट जाना पडेगा। इससे लोगों का श्रम व शक्ती के साथ समय व धन की बबार्दी होगी।

उन्होंने कहा कि यह बस स्टाप नगर पालिका से किराये पर चल रहा है। पिछले दिनों अचानक तीन से तीस हजार किराया बढा दिया गया है। इसे लेकर जिलाधिकारी के पास मामला लम्बित है।

इस समस्या को ध्यान में रखते हुए कर्वी नगर पालिका का दायरा बढकर 25 वर्ग किमी हो गया है। कई और स्थानों पर बस स्टाप चलाया जाये। लोढवारा, सीतापुर, कालूपुर, देवांगना तिराहा आदि स्थानों पर बस स्टाप बनाकर चलाये जायें, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।

पिछले तीन सालों से बस स्टैण्ड चल रहा है। केवल पांच सौ से ज्यादा यात्री प्रतिदिन यात्रा नहीं करते। जबकि कर्वी स्थित बस स्टैण्ड से दस हजार यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं। कर्वी नगर का बस स्टाप खत्म होने से रोडवेज को राजस्व की क्षति पहुंचेगी। इसलिए बस स्टाप को कर्वी बस स्टैण्ड में ही रहने दिया जाये।

## किसानों के गेहूं का जल्द करें भुगतानः शैलेन्द्र



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भाकियू ने मासिक किसान पंचायत सदर तहसील परिसर में तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। समस्या निदान को सदर तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि कृषि भवन में समस्याओं के निदान को विंडो बनाई गई है, जहां पर कोई व्यवस्था नही है। किसानों को घंटो लाइन में खड़े रहना पडता है। धूप-गर्मी को देखते हुए छाया की व्यवस्था की जाए।

मंगलवार को भाकियू तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने सौंपे ज्ञापन में कहा कि पीसीएफ से संचालित गेहूं केंद्रों में किसानों का लम्बे समय से भुगतान शेष है। बेटियों की शादियों व अन्य खर्चो को देखते हुए समय से भुगतान न होने से किसानों को दिक्कतें हो रही हैं। लम्बित खरीद का भुगतान जल्द कराया जाए। खरीद के तत्काल भुगतान की व्यवस्था कराई जाए। भाकियू मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि चना-मसूर खरीद केन्द्र खोले गए हैं। वहां न तो बारदाने न ही पल्लेदारों की कोई व्यवस्था है। किसानों को मजबूरन फुटकर मंडी में बेचना पड रहा है। किसानों को फसल का सही मूल्य नही मिलता। बिक्री का समय कम दिया गया है। ऐसे में किसानों की चना-मसूर दलहन फसलों की बिक्री नही हो पाएगी। किसान श्रीकेशन राजपूत, छेदीलाल सिंह, नथन सिंह, रामेश्वर सिंह, शिव सिंह, रमाशंकर समेत भाकियू पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एसपी के निर्देश पर दस के खिलाफ हुई गुण्डाएक्ट की कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले दस लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधियों में हलचल मची है।

मंगलवार को पहाडी थानाध्यक्ष नागेन्द्र कुमार नागर ने राममिलन वर्मा पुत्र सुकुरुवा निवासी नोनार, संतोष पुत्र रामचंद्र निवासी चैरा, रामऔतार पुत्र सुकुरवा निवासी बारामाफी, भोला प्रसाद, बृजेश, शारदा प्रसाद पुत्र जमुना प्रसाद निवासी तौरा, छुट्टन पुत्र कृष्णा निषाद निवासी मकरी, शिवप्रकाश पुत्र मोहनलाल निवासी सिकरिया, जयकरन, सोमदत्त पुत्र शिवपूजन कुशवाहा निवासी सिकरीसानी के खिलाफ मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधियों में हलचल मची है।

## दम्पति के विवाद को महिला थानाध्यक्ष ने सुलझाया



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास के क्रम में महिला थाना पुलिस टीम ने दम्पति के विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

मंगलवार को कर्वी की श्रीमती शशि मिश्रा पत्नी बृजेंद्र मिश्रा ने महिला थाना में सौंपे पत्र में कहा कि पति बृजेंद्र मिश्रा पुत्र राजेश मिश्रा निवासी बाबाजी का बाग प्रयागराज उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज करता है। थानाध्यक्ष महिला श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया ने शिकायतकर्ता की शिकायत को विस्तार से समझकर दूसरे पक्ष को महिला थाना बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। दोनों पक्षों में आपसी सुलह होने पर महिला थानाध्यक्ष ने दोनो पक्षों को तालमेल से रहने व पारिवारिक दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन करने की सलाह दी। टीम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया, सिपाही नीतू द्विवेदी, राघवेन्द्र राजपूत, महिला सिपाही स्नेहा राजपूत शामिल रहीं।

## एसपी ने की पीआरडी जवान की सराहना



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला वीवीआईपी कार्यक्रम से लौट रहीं थी कि ट्राफिक चैराहे पर यातायात की ड्यूटी में तैनात पीआरडी जवान हनुमान सिंह सोलंकी को तेज धूप में खडा देखकर गाड़ी रुकवा दी।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पीआरडी जवान की तेज धूप में कडी ड्यूटी की सराहना की। पीआरडी जवान हनुमान सिंह सोलंकी के तेज धूप में ट्राफिक चैराहे पर पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी से चुस्त-दुरुस्त ड्यूटी को देखकर पुलिस अधीक्षक ने पीआरडी जवान की कर्तव्य-निष्ठा की सराहना दी। उन्होंने पीआरडी जवान को प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की। इस मौके पर एसपी पीआरओ प्रदीप कुमार पाल, यातायात दरोगा शैलेन्द्र कुमार सिंह व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## 54 लीटर महुआ शराब समेत तीन गिरफ्तार



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण सिंह की अगुवाई में दरोगा दिनेशचन्द्र पाण्डेय की टीम ने वारंटी शिवराम पुत्र दुक्खा निवासी भदेदू को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा दिनेशचन्द्र पाण्डेय, सिपाही दिनेश यादव शामिल रहे।

मंगलवार को इसी क्रम में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग हरीशचन्द्र मिश्रा की टीम ने धर्मेन्द्र पुत्र रामजी यादव निवासी बंदरकोल कतोवाली कर्वी को 32 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में चैकी प्रभारी हरीशचन्द्र मिश्रा, सिपाही रविन्द्र कुमार राठौर, सिपाही राहुल वर्मा शामिल रहे।

पहाडी थाने के वरिष्ठ दरोगा राहुल पाण्डेय की टीम ने सुरेन्द्र सिंह पुत्र राजाराम निवासी बरमपुर के कब्जे से 22 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में वरिष्ठ दरोगा राहुल पाण्डेय, सिपाही महेन्द्र शुक्ला, सिपाही आशीष कुमार शामिल रहे।

## सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हादसा

**सुल्तानपुर में पूर्वां**चल एक्सप्रेस वे पर दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो सगे भाई पोल से जा टकराए। दोनों को गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गय, जहां डॉक्टर ने एक भाई को मृत घोषित कर दिया। दूसरे को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर ले जाया गया है। गाड़ी चलाते समय नींद आने के कारण हादसा अंजाम पाया है।

जानकारी के मुताबिक चंदौली जिले के थाना बलुआ के ग्राम कैलावर निवासी रामेंद्र यादव पुलिस विभाग में आजमगढ़ के कंदरापुर थाना पर दीवान हैं। उनके चार लड़के आशुतोष कुमार 25, विवेक कुमार 23, अभिषेक 22 व रुद्र प्रताप 12 हैं। आशुतोष व अभिषेक लखनऊ में जिंदल कम्पनी में जॉब करते हैं। रविवार सुबह साढ़े पांच बजे दोनों स्कूटी से मुगलसराय के कैलाशपुरी स्थित अपने मकान से लखनऊ के लिए निकले थे।

अभी वे हलियापुर थानाक्षेत्र के एक्सप्रेस वे के किमी 84.5 पर पहुंचे थे कि झपकी आ जाने से साइड में लगे किमी पोल से टकराकर गिर पड़े। यूपीडा टीम ने एम्बुलेंस से दोनों को पिठला हॉस्पिटल भिजवाया। जहां अभिषेक डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया व आशुतोष को अयोध्या रेफर किया।थानाध्यक्ष हलियापुर आरवी सुमन ने परिजनों को घटना की सूचना दी। पिता रामेंद्र मौके पर आए घायल को लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल के लिए भिजवाया है।

उन्होंने बताया कि हम शव को बिना पोस्टमार्टम करवाये घर ले जाएंगे। बता दें कि मृतक ने हेलमेट नहीं लगाए था जबकि घायल ने हेलमेट लगाए रखा था।

## फर्जी आधार कार्ड अथवा अन्य फर्जी आईडी से वोट डालते पकड़े जाने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी

**एटा। डीएम अंकित** कुमार अग्रवाल ने कहा है कि निकाय चुनाव में फर्जी आधार कार्ड अथवा फर्जी फोटो आईडी से वोट डालते हुए मिले तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। किसी भी तरह की गड़बड़ी करने की कोशिश ना करें। इसके अलावा 40 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 15 जोनल मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं।

कलक्ट्रेट सभागार में निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अतिसंवेदनशील बूथों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट को भी लगाया जाएगा। डीएम ने बैठक में निर्देश दिए कि जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट की ओर से सात और आठ मई को अपने सेक्टर पुलिस अधिकारियों के साथ आवंटित बूथों का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं को चेक किया जाए। डीएम ने कहा कि बूथ पर भ्रमण के दौरान यदि कोई समस्या है तो अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

बूथ भ्रमण के दौरान बूथ से 100 मीटर की परिधि में पोस्टर बैनर हैं, तो उसे हटवाएं। प्रत्येक बूथ पर वीडियोग्राफर की तैनाती की गई है।

जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट भ्रमण के दौरान कमजोर वर्ग के मतदाताओं, अनुसूचित जाति के मतदाताओं, गरीब मतदाताओं से वार्ता कर उनको पूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलाएं, जिससे कि वह अपने मत का निर्भीक होकर प्रयोग कर सकें।

# सदगुरु प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

## सदगुरु ट्रस्ट के विभिन्न प्रकल्पों की 13 टीमों के बीच एक माह तक चलेगा महामुकाबला

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सद्गुरु शिक्षा समिति से संचालित सदगुरु पब्लिक स्कूल खेल परिसर में सदगुरु मित्र मण्डल ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सदगुरु प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-13 का शुभारम्भ किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में सदगुरु ट्रस्ट से संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं सेवा प्रकल्पों की 13 टीमों ने हिस्सा लिया। सीजन का शुभारम्भ ट्रस्टी डॉ बीके जैन, शिक्षा समिति अध्यक्षा श्रीमती ऊषा जैन एवं सभी प्राचार्यों ने पूज्य गुरुदेव श्री रणछोड़दास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि डॉ जैन ने सभी टीम मैनेजर, कोच, कप्तान एवं खिलाडियों को खेल भावना से अनुशासन से लीग मैच खेलने की



शपथ दिलाई।

लीग का प्रथम मैच सदगुरु चैलेंजर्स एवं एसएनसी स्टार इलेवन की टीम के बीच फ्लड लाइट्स में सदगुरु स्टेडियम में खेला गया। सदगुरु चैलेंजर्स आठ विकेट से विजयी हुई। समारोह में डॉ बीके जैन, ऊषा जैन, डॉ राजपूत, डॉ बीके अग्रवाल, अनुभा अग्रवाल, ऋषि वोरा, वीरेंद्र शुक्ला, प्राचार्य सुरेन्द्र तिवारी, राकेश तिवारी, शंकरदयाल पाण्डेय, दीपक वानी, फिरोज खान, रेफरी तुषारकांत शास्त्री, धीरेन्द्र वर्मा, रोशन सेन, विनोद पाण्डेय, राजकुमार समेत सदगुरु परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

यह लीग मैच टीमों को दो पुलों में बांटकर एक माह तक खेला जायेगा। फाइनल जीतने वाली टीम को सीजन 13 विजेता का खिताब एवं मैच की रनिंग ट्राफी दी जाएगी। प्रतिभागी टीमों में अन्नपूर्णा स्पोर्ट्स क्लब, फेलोज इलेवन, गंगा यमुना इलेवन, गुरुकुल स्टार इलेवन, ऑफथाल्मिक सुपर जान्ट्स, सदगुरु चैलेंजर्स, सदगुरु ग्रे हेयर्स, एसआईसीएस सुपर किंग्स, एसएनसी स्टार, एसपीएस इलेवन, एसएनसी इलेवन, एसपीएस एवं विद्याधाम इलेवन की टीमों ने लीग में शिरकत की है।

# सपा के रोडशो को देख विपक्षियों की उडी नींदे

## सपा विधायक की प्रतिष्ठा से जुडा है चुनाव





**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जागेश्वर प्रसाद यादव का रोडशो सदर विधायक अनिल प्रधान व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अगुवाई में शहर में निकला। रोडशो को देखकर विपक्षी दलों की नींदें उड गईं। नगर पालिका का ये चुनाव सदर विधायक अनिल प्रधान की प्रतिष्ठा का प्रश्न बना है।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के नगर पालिका कर्वी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जागेश्वर प्रसाद यादव का रोडशो कपसेठी गांव से शहर की ओर जब सदर विधायक अनिल प्रधान व सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव तथा सपा नेता नरेन्द्र यादव की अगुवाई में निकला, तब तेज धूप व भरी दोपहर में भारी भीड देखकर विपक्षी दलों की नींदे उड गईं। रोडशो में उमडी भीड के आलम को देखकर ऐसा लगा कि कोई आंधी आ गई है। सपा के पक्ष में इस कदर माहौल बनता देखकर लोगों ने कहा कि ये चुनाव सदर विधायक अनिल प्रधान की प्रतिष्ठा से जुडा है।

रोडशो दौरान किसी तरह की अराजकता नहीं हुई। सपा के रोडशो में सपाई अनुशासित ढंग से चल रहे थे। रोडशो में सपाइयों का भारी हुजूम उमडा था। इस मौके पर तमाम सपाई मौजूद रहे। खासतौर पर साहबलाल द्विवेदी, मनोज यादव, ओमप्रकाश यादव, विद्यासागर यादव, महेन्द्र यादव, देवदत्त, रामचन्द्र वर्मा, मुन्ना सोनकर, सीताराम कश्यप, सुभाष पटेल, अमर पटेल, मो निजामुद्दीन समेत तमाम लोग शामिल रहे।

# आबादी कम थी, नहीं बनाते चित्रकूट को स्मार्ट सिटी: मुख्यमंत्री

## -सपा डकैतों को बनाती है मित्र- जिन्होंने बूंद-बूंद पानी को तरसाया है, उन्हें एक-एक वोट को तरसा दो

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निकाय चुनावी जनसभा में कहा कि समाजवादी पार्टी जीवनभर डॉ लोहिया के नाम पर राजनीति करती आई है, लेकिन उनके सपनों को साकार नहीं किया। सपा रामायण व तुलसीदास के बारे में अनर्गल टिप्पणी करती है। सपा के लोग किसी सच्चे संत को अपना मित्र नहीं बनाते। ये डकैतों को मित्र बनाते हैं।

ये बात मंगलवार को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर स्थित रामायण मेला परिसर में हुई चुनावी जनसभा में कही। उन्होंने कहा कि किसी गरीब को भूखा नहीं सोना पडेगा। लगातार मुफ्त राशन बांटा जा रहा है। सपा पर फिर निशाना साधा कि जिन लोगों ने एक-एक बूंद पानी को तरसाया है, उन लोगों को एक-एक वोट को तरसा दो। सरकार की योजनायें गिनाते हुए कहा कि अब हर घर नल योजना का कार्य शुरू हो गया है। हर घर




में आरओ को पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में पहले फोरलेन कनेक्टिविटी नहीं थी। अब चित्रकूट फोरलेन से जुड चुका है। छह वर्ष के अन्दर बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि 11 मई को मतदान है। चित्रकूट से नरेन्द्र गुप्ता, राजापुर से संजीव मिश्र, मऊ से अमित द्विवेदी तथा मानिकपुर से बिट्टी देवी कोल को चुनाव जितायें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब से भाजपा सरकार बनी है, तब से देश-प्रदेश का विकास हो रहा है। देश में मेट्रो व रेलवे स्टेशन, एक्सप्रेस-वे बन रहे हैं। डिफेंसकारीडोर जैसे विकास के कार्य हो रहे हैं। काशी-मथुरा के साथ चित्रकूट और अयोध्या का लगातार विकास हो रहाहै। भगवान श्रीराम के मन्दिर निर्माण का कार्य शुरू है, 2024 तक बनकर तैयार हो जायेगा। चित्रकूट महर्षि बाल्मीकि और तुलसी बाबा की नगरी है। तुलसी ने रामचरितमानस को लिखा है।

राजापुर में तुलसी बाबा का जन्म स्थान है। तुलसी ने रामचरितमानस अवधी भाषा में लिखने का कार्य किया है। रामचरितमानस विश्व विख्यात है। यहां के कण-कण में भगवान श्रीराम निवास करते हैं। इस धरा में भगवान श्रीराम-लक्ष्मण समेत ने तुलसी बाबा को दर्शन दिये थे। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में पहले डकैतों का राज होता था। अब चित्रकूट डकैत मुक्त हो गया है। चित्रकूट का एयरपोर्ट जल्द शुरू हो जायेगा। इससे दिल्ली की दूरी एक घंटे में तय होगी। चित्रकूट में उद्योग लगाये जायेंगे। इससे लोगों को रोजगार मिलेगा। चित्रकूट में रिंगरोड बनाने की घोषणा पहले ही कर चुके हैं, जल्द कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि चित्रकूट की आबादी और होती तो वे चित्रकूट को स्मार्ट सिटी नगर निगम बना देते। इससे नगर का विकास और तेजगति से होता।

उन्होंने कहा कि चित्रकूट की भूमि संयम की धरती है। जहां संयम होगा, वहीं साधना हो सकती है। प्रभु श्रीराम ने इसी चित्रकूट में 14 वर्ष के वनवास का सर्वाधिक समय साधना की थी। यहां लाखों की तादाद में श्रद्धालु मन्दाकिनी में डुबकी लगाकर कामतानाथ की परिक्रमा करके धन्य होते हैं। कुछ लोग अपने कृत्यों से पाप का घडा इतना भर लेते हैं कि स्वयं के पहचान का संकट पैदा कर लेते हैं। समाज के लिए भी पहचान का संकट पैदा कर देते हैं। 2017 के पहले यही पहचान का संकट उत्तर प्रदेश में भी पैदा कर दिया गया था। देश की लीडरशिप देखनी हो तो आजादी के अमृत वर्ष में देखना चाहिए। प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान चलाकर लोकतंत्र के पर्व का एहसास करवाया था।

कोरोना के समय प्रधानमंत्री अकेले लोगों का जीवन बचाने को निकले थे। चित्रकूट धाम का पावन संयोग है कि महर्षि बाल्मीकि और संत तुलसीदास की पवित्र जन्मभूमि यही है। जनसभा में सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, पूर्व सांसद रमेशचन्द्र द्विवेदी व प्रत्याशीगण समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

## कनाडा ने चीन के राजनयिक को देश से निकाला, आंतरिक मामलों में दखल का आरोप

**नई दिल्ली।** कनाडा ने चीन के राजनयिक झाओ वेई को देश से निष्कासित कर दिया है। चीन के राजनयिक पर राजनीतिक दखल और



कनाडा के सांसद को निशाना बनाने की कोशिशों का आरोप लगाया गया है। कनाडा के इस कदम से दोनों देशों के संबंध बिगड़ने का खतरा है। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जॉली ने एक बयान में कहा कि उनकी सरकार ने टोरंटो स्थित चीनी राजनयिक झाओ वेई को देश छोड़ने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपने आंतरिक मामलों में किसी भी प्रकार के विदेशी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उधर, चीनी ने आरोपों को खारिज करते कनाडा के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप से इनकार किया है। चीन ने दोहराया है कि कनाडा के घरेलू मामलों में कभी हस्तक्षेप नहीं किया है।

## अफगानिस्तान से सेना वापसी के फैसले पर घिरी बाइडन सरकार, संसदीय समिति ने दी कानूनी कार्रवाई की धमकी

**नई दिल्ली।** साल 2021 में अमेरिका सेना ने अफगानिस्तान छोड़ दिया था लेकिन जिस जल्दबाजी में अमेरिका की जो बाइडन सरकार ने यह फैसला किया था, उससे पूरी दुनिया हैरान थी। अब खबर आ रही है कि इस फैसले को लेकर बाइडन सरकार और अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन घिर सकते हैं। दरअसल अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैक्कॉल ने धमकी दी है कि एंटनी ब्लिंकेन के खिलाफ संसद की अवमानना के आरोप में कार्रवाई की जा सकती है।

**संसदीय समिति ने मांगे ये जवाब**

विदेश मामलों की संसदीय समिति ने अपनी जांच में पाया है कि अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी को लेकर खूफिया रिपोर्ट में इस फैसले की आलोचना की गई थी और कहा गया था कि इस फैसले से अफगानिस्तान में फिर से तालिबान की सत्ता काबिज हो सकती है। इसके बावजूद बाइडन सरकार अपने फैसले पर अडिग रही और आखिरकार हुआ भी वही, जिसका डर था। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान काबिज हो चुका है। अब संसदीय समिति और उसके अध्यक्ष मैक्कॉल ने मांग की है कि सरकार इस संबंध में हुई बातचीत का खुलासा करे और ये भी बताए कि खूफिया रिपोर्ट पर सरकार ने क्या जवाब दिया था?

**मैक्कॉल ने दी धमकी**

मैक्कॉल ने धमकी दी है कि अगर विदेश मंत्री गुरुवार शाम छह बजे तक जवाब नहीं देते हैं तो उनके खिलाफ अमेरिकी कांग्रेस (संसद) की अवमानना के आरोप में कार्रवाई करेंगे। मैक्कॉल ने एंटनी ब्लिंकन को कानूनी कार्रवाई की भी धमकी दी है। मैक्कॉल ने इस संबंध में बीती पांच मई को विदेश विभाग को एक पत्र लिखा है।

## आइंस्टीन से भी तेज ऑटिज्म पीड़ित 11 वर्षीय बच्ची, इंजीनियरिंग में कर रही मास्टर डिग्री

**नई दिल्ली।** मेक्सिको सिटी की अद्हैरा पेरेज सांचेज ऑटिज्म से पीड़ित हैं। यह ऐसा विकार है, जिसके चलते बच्चों के लिए पढ़ना-लिखना व सीखना मुश्किल होता है। लेकिन अद्हैरा ने महज 11 वर्ष की उम्र में सीएनसीआई विवि की इंजीनियरिंग स्ट्रीम से मास्टर डिग्री में दाखिला लिया है। आईक्यू के पैमाने पर देखें, तो सांचेज का दिमाग आइंस्टीन से भी तेज है। मशहूर विज्ञानी आइंस्टीन का आईक्यू स्तर करीब 160 माना जाता है, जबकि ऑटिज्म पीड़ित सांचेज का आईक्यू 162 है। बड़ी होकर सांचेज को नासा के लिए काम करना है और अंतरिक्ष यात्री बनना उनका सपना है। ऑटिस्टिक होने की वजह से सांचेज को स्कूल में बदसुलूकी का सामना करना पड़ा, लेकिन फिर भी पांच साल की उम्र में प्राथमिक स्कूल पूरा किया और इसके बाद एक-एक साल में मिडिल और हाई स्कूल और इसके बाद स्नातक पूरा किया। अपनी पढ़ाई के साथ ही सांजेच युवा छात्रों के बीच अंतरिक्ष अन्वेषण और गणित को बढ़ावा देकर मैक्सिकन स्पेस एजेंसी के साथ काम कर रही है। निम्न मध्यम आय वर्ग वाले परिवार और पड़ोस में पली-बढ़ी सांचेज जब तीन वर्ष की थीं, तो ऑटिज्म से पीड़ित होने का पता चला।

# चीनी नौकाओं ने किया सीमाओं का अतिक्रमण, भारत-आसियान के सैन्य अभ्यास में घुसीं

**नई दिल्ली/हनोई।** चीन ने एक बार फिर समुद्री सीमाओं का अतिक्रमण करते हुए हथियारबंद नौकाओं ने घुसपैठ की। यह घुसपैठ दक्षिण चीन सागर में किया, जहां भारत और आसियान देशों की नौसेनाएं सैन्य अभ्यास में भाग ले रही थीं।

वियतनाम में स्वतंत्र विशेषज्ञ के अनुसार, ऐसा लगता है कि बीजिंग नौसैनिक सैन्य अभ्यास को बाधित करने और भय का माहौल बनाने के लिए हथियारबंद समूहों का इस्तेमाल कर रहा है। चीन, भारत और सैन्य अभ्यास में शामिल देशों की सरकारों में से किसी ने भी इस घटनाक्रम पर कोई टिप्पणी नहीं की है। वियतनाम के समुद्री इलाके में हुई घटना आसियान-भारत समुद्री अभ्यास (एआईएमई 2023) का दो दिवसीय समुद्री चरण रविवार को भारत, वियतनाम, थाईलैंड, फिलीपींस, इंडोनेशिया और ब्रूनेई के नौसैनिक जहाजों और विमानों के साथ शुरू हुआ।



यह पहला आसियान-भारत समुद्री अभ्यास है और इसे भारतीय और सिंगापुर द्वारा आयोजित किया गया है। भारतीय सूत्रों ने कहा कि चीनी नौकाएं जब जहाजों की तरफ बढ़ीं तब अभ्यास में शामिल जहाज वियतनामी विशेष आर्थिक क्षेत्र में थे। हालांकि, हथियार बंद नौकाएं और नौसैनिक जहाज बिना किसी संघर्ष के एक-दूसरे को पार कर गए। साथ ही, एक चीनी अनुसंधान पोत भी इन नावों के पीछे उसी क्षेत्र की तरफ आ रहा था। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में दक्षिण चीन सागर पर प्रोजक्ट मयूशु का नेतृत्व करने वाले रे पॉवेल ने बताया कि ये नौकाएं क्यूओंग संशा यू के हथियारबंद समूहों की हैं। ये समूह दक्षिण चीन सागर में राजनीतिक उद्देश्यों के लिए चीनी अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हैं। समुद्री जहाजों के ट्रैकिंग डेटा की निगरानी करने वाले संगठन द साउथ चाइना सी क्रॉनिकल इनिशिएटिव के प्रबंधक वान फाम का कहना है कि चीनी अनुसंधान पोत जियांग यांग होंग सैन्य अभ्यास में शामिल वियतनामी युद्धपोत के 10 मील के करीब तक पहुंच गया था।

## भारतीय मूल के चिकित्सक पर चार बुजुर्ग महिला मरीजों के यौन उत्पीड़न का आरोप

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल के एक चिकित्सक को अमेरिका के जॉर्जिया में चार बुजुर्ग महिला मरीजों के यौन उत्पीड़न में आरोपित पाया गया। चिकित्सक ने यह उत्पीड़न 12 महीने तक नियमित जांच के दौरान किया। अमेरिका के न्याय विभाग ने यह जानकारी दी है।

जॉर्जिया के डेकाटूर में वेटरंस अफेयर्स मेडिकल सेंटर में काम करने वाले राजेश मोतीभाई पटेल (68 वर्षीय) पर कानून का उल्लंघन करने और अवांछित यौन संपर्क में शामिल होने का आरोप है। अमेरिकी अटॉर्नी रेयान के बुकानन ने कहा कि पटेल ने 2019 से 2020 के बीच महिला मरीजों का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया और अपनी देखभाल में मरीजों को कोई




नुकसान नहीं पहुंचाने की अपनी शपथ का उल्लंघन किया। बुजुर्ग मामलों के महानिरीक्षक माइकल जे मिस्सा ने कहा कि पूर्व सैनिक और उनके परिवार सुरक्षित और जवाबदेह स्वास्थ्य सेवा की उच्चतम गुणवत्ता की उम्मीद करते हैं और इसके हकदार हैं। इस मामले की जांच पूर्व सैनिक मामलों के विभाग, महानिरीक्षक कार्यालय द्वारा की जा रही है।

## चीन का रहस्यमयी अंतरिक्ष यान धरती पर लौटा, पृथ्वी की कक्षा में रहा 276 दिन

**बीजिंग।** चीन का एक रहस्यमयी अंतरिक्ष यान 276 दिनों तक पृथ्वी की कक्षा में रहने के बाद धरती पर लौटा। चीन की सरकारी मीडिया ने इसे एक ऐतिहासिक मिशन बताया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, देश ने दोबारा इस्तेमाल की जा सकने वाली अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों का परीक्षण किया गया है। यान निर्धारित समय के अनुसार, चीन के उत्तर-पश्चिम में जिउक्वान लॉन्च सेंटर में बिना चालक दल के वापस आ गया। मीडिया रिपोर्ट में अंतरिक्ष यान को लेकर और कोई विशेष जानकारी साझा नहीं की गई है। बता दें कि रिपोर्ट में इस बात का जिक्र नहीं है कि किन तकनीकों का परीक्षण किया गया। यह कितनी ऊंचाई तक पहुंचा और अगस्त, 2022 की शुरुआत



में लॉन्च के बाद से कहां-कहां पहुंचा। यान की तस्वीरें भी जारी नहीं की गई हैं। कीव पर हवाई हमलों के लिए रूसी सेना के ईरान निर्मित 35 ड्रोन यूक्रेनी सेना ने मार गिराए हैं। लेकिन रूसी हमलों में 4 की मौत हो गई। इस बीच, द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी की हार के प्रतीक रूप में रूस में मनाया जाने वाला विजय दिवस 9 मई को होगा। हालांकि 21 शहरों में सुरक्षा चिंता के कारण पहली बार सैन्य परेड रद्द की गई है। अब यह परेड रूस के सबसे बड़े शहरों, मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग में होगी।

# अमेरिका के टेक्सास में फायरिंग में भारतीय इंजीनियर सहित नौ की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास के डलास में एक मॉल में एक बंदूकधारी द्वारा की गई गोलीबारी में एक भारतीय इंजीनियर समेत नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

गोलीबारी की यह घटना शनिवार को एलेन प्रीमियम आउटलेट्स में अपराह्न करीब 03ः30 बजे हुई। रिपोर्ट के अनुसार मैकिन्नी निवासी ऐश्वर्या थाटिकोंडा एक मित्र के साथ खरीदारी कर रही थीं, जब बंदूकधारी मौरिसियो गार्सिया ने गोलीबारी की।

इस घटना में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। इसके बाद एक पुलिस अधिकारी ने 33 वर्षीय हमलावर गार्सिया को मार गिराया। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिला अदालत में एक जिला न्यायाधीश की पुत्री ऐश्वर्या परफेक्ट जनरल कॉन्ट्रैक्टर्स कंपनी में प्रोजेक्ट इंजीनियर के रूप में काम कर रही थीं। उनके परिवार के एक प्रतिनिधि ने डब्ल्यूएफएए टेलीविजन स्टेशन



से पुष्टि की कि इस हिंसा के पीड़ितों में ऐश्वर्या भी शामिल हैं।

पीड़िता के पिता के एक मित्र के अनुसार, ऐश्वर्या ने शनिवार को घटना से पहले अपने परिवार से बात की थी और गोलीबारी की घटना के बाद उनके परिवार ने उन्हें फोन किया, तो वहां से कोई जवाब नहीं आया।

ऐश्वर्या के पिता के मित्र ने कहा, परिवार को मृत्यु की खबर रविवार को मिली। वे लोग सदमे में हैं। उन्हें बताया गया है कि ऐश्वर्या के शव को बुधवार तक भेजने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ऐश्वर्या के लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, वह दो साल से अधिक समय से डलास में प्रोजेक्ट इंजीनियर के तौर पर काम कर रही थीं। ऐश्वर्या ने हैदराबाद के एक कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी और अमेरिका से स्नातकोत्तर की पढ़ाई की थी। गोलीबारी की इस घटना के बाद डलास में गार्सिया के माता-पिता से जुड़े एक घर की पुलिस ने तलाशी ली। वहीं, अधिकारियों ने एक होटल की भी छानबीन की, जहां हमलावर ठहरा था। अमेरिका में गोलीबारी की घटना से जुड़े आंकड़ों के अनुसार, देश में 2023 में अब तक कम से कम 198 ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 24 मई को टेक्सास के एक स्कूल में एक हमलावर ने गोलियां चलाकर 19 बच्चों और दो वयस्कों की जान ले ली थी।

## नेपालः वायरल ऑडियो मामले में सांसद को पद से हटाने के चुनाव आयोग के फैसले पर रोक

**काठमांडू।** सुप्रीम कोर्ट ने वायरल ऑडियो मामले में सांसद ढाका कुमार श्रेष्ठ को पद से हटाने के चुनाव आयोग के फैसले पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने इस मामले में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) और सांसद श्रेष्ठ को तलब किया है। आरएसपी ने श्रेष्ठ को सांसद पद से हटाने के लिए चुनाव आयोग को पत्र भेजकर उनके स्थान पर बिंदवासिनी कंसाकर को सांसद नियुक्त करने का अनुरोध किया था। उस हिसाब से कंसकर को आज ही सांसद चुने जाने का सर्टिफिकेट भी मिल गया है। अब चुनाव आयोग के फैसले पर रोक लगने से कंसकर को संसद में प्रवेश करने से रोक दिया जाएगा।



दरअसल, 23 अप्रैल को हुए उपचुनाव से पहले सांसद श्रेष्ठ का एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह व्यवसायी दुर्गा प्रसाई से 2 करोड़ की मांग करते हुए सुनाई दे रहे थे। इसके बाद आरएसपी ने श्रेष्ठ को पार्टी से निष्कासित करके पद से भी हटाने का फैसला लिया था।

# चैट जीपीटी के दुरुपयोग पर चीन में पहली गिरफ्तारी, फर्जी ट्रेन हादसे की खबर वायरल करने का आरोप

**बीजिंग।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) के नए टूल चैट जीपीट के दुरुपयोग पर दुनिया में पहली गिरफ्तारी हुई है। यह घटना चीन में हुई है, जहां चैट जीपीटी का इस्तेमाल कर ट्रेन हादसे की फर्जी खबर गढ़ने और

मुताबिक जब अधिकारियों का ध्यान इस लेख की ओर गया, तबतक 15 हजार से अधिक




उपयोगकर्ता इसे देख चुके थे। गांसू के जन सुरक्षा विभाग ने कहा कि हांग पर संघर्ष को बढ़ावा देने और झगड़े को उकसाने का अपराध करने का संदेह है और अपराध साबित होने पर अधिकतम पांच साल कैद की सजा हो सकती है। उन्होंने कहा, हालांकि, मामले के गंभीर पाए जाने पर दोषी को 10 साल तक कैद हो सकती है और उसे अतिरिक्त जुर्माना भरना पड़ सकता है।

जानकारी के मुताबिक इस साल जनवरी में डीपफेक प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को विनियमित करने वाले बीजिंग की ओर से बनाए गए प्रावधानों के आधिकारिक रूप से जनवरी में लागू होने के बाद पहली बार है, जब चीन के अधिकारियों ने ऐसे मामले में किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी की जानकारी सार्वजनिक की है।

पुलिस ने बताया कि उसने जांच के दौरान पाया की फर्जी खबर का स्रोत वह कंपनी थी, जिसका मालिक संदिग्ध हांग है। उसने बताया कि व्यक्तिगत मीडिया मंच के तौर पर इस कंपनी को दक्षिणी चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के शेनझान में पंजीकृत कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, खबर के स्रोत की जानकारी मिलने के करीब 10 दिन बाद पुलिस टीम ने हांग के घर और कंप्यूटर की तलाशी ली और उसे हिरासत में लिया। पुलिस ने दावा किया कि हांग ने स्वीकार किया है कि उसने अपनी इच्छा के अनुसार फर्जी खबर को मनचाहे अकाउंट पर प्रसारित करने के लिए बाइजियाहो की डुप्लीकेट जांच प्रणाली को बाइपास किया। हांग ने फर्जी खबर गढ़ने के लिए कुछ साल पहले ट्रेंड करने वाली खबरों को लिया और चैट जीपीटी की मदद से तुरंत खबर का नया संस्करण तैयार किया और बाइजियाहो पर अपलोड कर दिया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## यूक्रेन ने मिसाइल हमलों का दिया जवाब, रूस के 35 ईरानी ड्रोन मार गिराए

**कीव।** यूक्रेन पर रूसी हमला थमने या कमजोर पड़ने का नाम नहीं ले रहा है। रूस ने यूक्रेन पर ताबड़तोड़ मिसाइल हमले किये, जिस पर यूक्रेन ने जोरदार पलटवार करते हुए रूस के 35 ईरानी ड्रोन मार गिराए।

रूस ने पिछले वर्ष 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमला किया था। चौदह महीने से अधिक समय से यूक्रेन इस रूसी हमले का डटकर मुकाबला कर रहा है। बीती रात रूस ने यूक्रेनी शहरों खार्किव, खेरसॉन, मायकोलाइव और ओडेसा में ताबड़तोड़ हमले किए। यूक्रेनी सेनाओं के अनुसार रूस की ओर 16 मिसाइल हमले किए



गए। इसके अलावा रूसी सेना ईरान में बने ड्रोन का प्रयोग कर भी लगातार हमले कर रही है। यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि जोरदार जवाबी कार्रवाई करते हुए यूक्रेन ने रूस के 35 ईरानी ड्रोन मार गिराए हैं। इन ड्रोन का प्रयोग कर रूस ने यूक्रेन में अलग-अलग ठिकानों पर हमला किया था। रूस के लगातार हमलों से यूक्रेन के शहरों को बहुत नुकसान पहुंचा है।

कई नागरिक मारे गए, तो कई घायल हुए हैं। बहुमंजिला इमारतें, लोगों के घर और अन्य बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कीव के मेयर क्लिट्सको ने बताया कि राजधानी में इमारतों और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान के बीच कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं।

## उग्रवादी संगठन इस्लामिक जिहाद पर इस्राइल का वार, गाजा पट्टी में एयरस्ट्राइक में मार गिराए तीन कमांडर

**गाजा।** इस्राइल ने मंगलवार सुबह गाजा पट्टी पर हवाई हमलों में उग्रवादी संगठन इस्लामिक जिहाद के तीन कमांडरों को मार गिराया। फलस्तीन के इस संगठन के मुताबिक, इस्राइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के हमलों में संगठन के कमांडरों के साथ उनके परिवारवाले भी मारे गए। रिपोर्ट्स की मानें तो इन एयरस्ट्राइक में कुल नौ लोगों की जान गई है।

**किस-किस की हुई मौत?**

संगठन ने बताया कि आईडीएफ ने जिन लोगों को निशाना बनाया, उनमें अल-कुद्स ब्रिगेड की सैन्य परिषद के सचिव कमांडर जिहाद शकेर अल-गनम शामिल थे। इसके अलावा अल कुद्स ब्रिगेड के उत्तरी क्षेत्र के कमांडर खलिल सलाह अल-बहतिनी और वेस्ट बैंक में अल कुद्स ब्रिगेड की सैन्य विंग के प्रमुख तारिक मोहम्मद एजलदीन शामिल हैं। इस्लामिक जिहाद संगठन ने कहा कि इन हमलों ने सिर्फ उसकी इच्छाशक्ति को मजबूत किया है और वह इस्राइल के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा।

**इस्राइल ने क्या कहा?**

इस्राइल ने हमलों को लेकर कहा कि यह इस्लामिक जिहाद संगठन की ओर से दिखाई जा रही आक्रामकता का जवाब था। देश के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने एक बयान जारी कर कहा कि इसी संगठन ने दो मई को दक्षिण इस्राइल में 102 रॉकेट दागे थे। बताया गया है कि बहतिनी फल्स्तीन इस्लामिक जिहाद का वरिष्ठ कमांडर था और इस्राइल की तरफ रॉकेट दागने वाले गुट का नेतृत्व कर रहा था। वहीं, एजलदीन इस्राइली धरती के खिलाफ इस संगठन को फंड्स दिलवाने में अहम भूमिका निभा रहा था। घनेम भी इस संगठन की ब्रिगेड का नेतृत्व कर रहा था और इस्लामिक जिहाद से हमास को पैसे और हथियारों की सप्लाई में अहम भूमिका निभा रहा था। इस्राइली अधिकारियों ने कहा कि इस्लामिक जिहाद के जिन कमांडरों को मार गिराया गया है, वह इस्राइली नागरिकों के खिलाफ आतंकी साजिश रच रहे थे। इस्राइल ने कहा कि वह ऐसे किसी भी शख्स को नहीं छोड़ेगा, जो हमारे खिलाफ आतंकवाद फैलाएगा। हम पूरी ताकत से इस्राइल की रक्षा करेंगे।